RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच

मुकद्दस रमजान
इफ्तार बुधवार
सुन्नी- 06:15 PM
शिया- 06:26 PM
सहरी गुरुवार
सुन्नी- 04:53 AM
शिया- 04:47 AM

वर्ष : 26 | अंक : 82 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 13 मार्च, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# ग्रेटर नोएडा में इस वर्ष भी होगा इंटरनेशनल ट्रेड शो

## एमएसएमई के विस्तार के लिए 30,826 करोड़ के मेगा ऋण का वितरण

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को देश के सबसे बड़े मैन्यूफैक्चिरिंग हब के रूप में विकसित करने का आहवान उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) से जुड़े उद्यमियों से किया है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि इस वर्ष-2024 में भी एक बार फिर ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन सिंतबर महीने में किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश भर के मैन्यूफैक्चिरिंग उद्योग से जुड़े लोगों को तैयार रहने तथा अपने-अपने उत्पादों को इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रदर्शित करने के लिए कहा।



मुख्यमंत्री ने यह बात उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के विस्तार के लिए 30,826 करोड़ के मेगा ऋण वितरण कार्यक्रम में कही। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर औद्योगिक आस्थानों में भूखंडों के आवंटन/हस्तांतरण आदि की प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ व उन्नाव में स्वीकृत प्लेज पार्क के विकासकर्ताओं को चेक वितरित किए। साथ ही एक जनपद-एक उत्पाद (ODOP) एवं विश्वकर्मा सम्मान योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को टूलकिट भी वितरित किए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वित्त वर्ष समापन से पहले लोन वितरण कार्यक्रम पिछले साल की तुलना में 2 गुना है और पिछले 7 साल से तुलना करें तो 10 गुना ज्यादा लोन बांटा गया है। ये उत्तर प्रदेश की आर्थिक उन्नति का सबसे सशक्त और सटीक संकेतक हैं। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट के 6 ढाबे आग में जलकर खाक

## ढाबे में रखे थे कॉमर्शियल सिलेंडर, दो दुकानें भी जली






**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में आग लगाने का सिलसिला दिन-ब- दिन बढ़ने लगा है। आज सुबह ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौर सिटी-4 मूर्ति गोल चक्कर के पास शेर पंजाब ढाबे में आग लग गई। आग लगने के कुछ ही देर बाद पूरा इलाका आग की लपटों से घिर गया। लोगों को दूर से ही आसमान में काला धुआं दिखने लगा। धुएं को देख लोगों ने इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। जिसके बाद घटनास्थल के लिए फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग को काबू किया।

ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र के गौर सिटी-4 में शेरे पंजाब ढाबा है। जहां किसी वजह से अचानक ढाबे में आग लग गई। जो देखते ही देखते इतनी बढ़ गई कि उसकी लपटें ऊंची उठने लगी, जिससे पूरे इलाके में धुआं छा गया। चीफ फायर ऑफिसर प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि चार मूर्ति गोल चक्कर के पास बने मार्केट में आज सुबह आग लग गई। आग की चपेट में 6 ढाबे सहित दो दुकानें आ गईं। आग शार्ट-सर्किट से लगी। उन्होंने बताया कि चीफ फायर ऑफिसर प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि आज करीब सुबह सात बजे फायर ब्रिगेड को आग लगने की कॉल आई थी। तुरंत ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके के लिए रवाना कर दी गई थी। यहां पहुंच कर देखा गया कि 6 ढाबों में और दो दुकानों में आग लगी है आग बड़ी थी इसलिए फायर ब्रिगेड की और गाड़ियां बुलाई गई और 10 गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ढाबा बंद था और ढाबे में कमर्शियल सिलेंडर भारी मात्रा में रखे थे और उनमें शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी, सिलेंडरों को बाहर निकालने के बाद आग पर काबू पाया गया है। इसमें अग्निकांड कोई हाताहत नहीं है और कोई जानहनि नहीं हुई है।

आपको बता दे इससे पहले ग्रेटर नोएडा के गौर सिटी 16th एवेन्यू के फ्लैट में आग लगने की खबर सामने आई थी। जिसके बाद ऐसी घटना दोबारा न हो इसके लिए फायर विभाग की टीम ने 15 दिन के (शेष पृष्ठ-4 पर)

# महिला वकील की कार में डंपर ने मारी टक्कर, कई मीटर तक घसीटा

## पत्रकार की कार में बाइक सवार युवकों ने मारी टक्कर

**नोएडा (चेतना मंच)।** तेज रफ्तार में जा रहे डंपर चालक ने आगे जा रही महिला अधिवक्ता की कार में टक्कर मार दी। दुर्घटना होने के बाद भी ट्रक चालक नहीं रुका और कार को कई मीटर घसीटता हुआ ले गया। इस हादसे में अधिवक्ता की जान बाल-बाल बची है। वहीं थाना फेस वन क्षेत्र में बाइक सवार युवकों ने सड़क किनारे खड़ी एक पत्रकार की कार में टक्कर मार दी। इस बात का विरोध करने पर बाइक सवारों ने पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार करते हुए जान से




मारने की धमकी दी। महिला अधिवक्ता व पत्रकार ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना फेस-3 में दर्ज कराई रिपोर्ट में नीतू शर्मा ने बताया कि वह गढ़ी चौखंडी गांव की निवासी है तथा पेशे से अधिवक्ता है। 12 मार्च को वह अपने घर से सूरजपुर स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय गौतमबुद्धनगर के लिए कार से जा रही थी। वह जैसे ही पृथला ब्रिज के पास पहुंची तो तेज गति में आ रहे हैं डंपर चालक ने उसकी कार में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद भी डंपर चालक ने ब्रेक नहीं लगाई और अपनी स्पीड बढ़ा दी। जिस कारण कई मीटर तक उसकी कार घिसाती चली गई। इस हादसे में उसकी कार कुछ दूर जाकर पलट गई। दुर्घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। आसपास गुजर रहे राहगीरों (शेष पृष्ठ-4 पर)

# कबाड़ में डालकर तुझे जिंदा जला देंगे, वृद्ध को मिली धमकी

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा में रहने वाले एक वृद्ध व्यक्ति व उसके परिवार को कबाड़ में डालकर जिंदा जलाकर मार देने की धमकी दी गई है। अपराधिक किस्म के व्यक्ति द्वारा दी गई धमकी के बाद रिटायर्ड वृद्ध व्यक्ति काफी डरा हुआ है। वृद्ध ने थाना सेक्टर-39 में मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-104 के एटीएस हेमलेट सोसाइटी में रहने वाले दीपक बहल ने बताया कि दिल्ली निवासी बलजीत सिंह अपने माता-पिता के साथ उनकी एक्सपोर्ट गारमेंट फैक्ट्री में चाय बेचता था और कर्मचारियों की देखभाल करता था। इस काम के अलावा बलजीत रेडी पटरी पर कपड़े बेचने का भी काम करता था।



बलजीत ने धीरे-धीरे उसका विश्वास जीत लिया और वह ज्यादा उससे पैसे उधार ले लेता था जिन्हें वह समय पर वापस कर देता था। इस दौरान बलजीत ने कबाड़ी का काम करना शुरू कर दिया और वह कंपनियों से कबाड़े का क्रय विक्रय करने लगा। नवंबर 2023 में बलजीत ने उसे बताया कि उसे कंपनी से कबाड़ का बड़ा कांटेक्ट मिला है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# कार के पहिए चोरी कर ईंट पर खड़ी कर दी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर-12 में चोरों ने एक कार के चारों पहिए चोरी कर लिए। चोर कार को ईंट पर खड़ी कर फरार हो गए।

सेक्टर-12 एच ब्लॉक निवासी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी कार एक्स एल 6 घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह के समय जब वह घर से बाहर निकले तो उन्हें कार के चारों पहिए गायब मिले। कार ईंटों के सहारे खड़ी हुई थी। चोर गाड़ी के चारों टायर एलॉय व्हील के साथ चोरी कर ले गए थे। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत पुलिस कंट्रोल उनको दी जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मेरठ से चोरी कार पर पंजाब का नम्बर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सूरजपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी की क्रेटा कार बरामद हुई है। पकड़े गए चोर ने चोरी की क्रेटा पर फर्जी नंबर प्लेट लगाई हुई थी।

थाना प्रभारी पुष्पराज सिंह ने बताया कि पुलिस टीम भट्टा गोल चक्कर पर संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि पंजाब नंबर की क्रेटा कार के साथ एक वाहन चोर जेतपुर गोल चक्कर के पास खड़ा हुआ है। सूचना के



आधार पर पुलिस टीम बताए गए स्थान पर पहुंची और क्रेटा कार में बैठे एक युवक को दबोच लिया। तलाशी में इसके पास से हुंडई कार कंपनी की दो चाबियां बरामद हुई। कार सवार ने अपना नाम फखरू पुत्र फत्तू निवासी ग्राम तीरथली बताया। फखरु ने बताया कि उक्त कार चोरी की है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# सड़क हादसों में तीन की मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** अलग-अलग स्थान पर बेलगाम वाहनों की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गए। थाना दनकौर क्षेत्र के झाझर रोड पर तेज गति में आ रहा ई रिक्शा चालक ने सामने से आ रही ई स्कूटी मे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से स्कूटी सवार मनोहर पुत्र फतेह सिंह निवासी बल्लभगढ़ हरियाणा गंभीर रूप से घायल हो गया गंभीर स्थिति में उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। थाना फेस-1 क्षेत्र के चिल्ला बॉर्डर पर तेज गति में आ रहे कार चालक ने एक ऑटो में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया तथा ऑटो में बैठी सवारी वेदपाल पुत्र रामकिशन निवासी ग्रेटर नोएडा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। गंभीर स्थिति में वेदपाल को उपचार के लिए जे पी अस्पताल में भर्ती कराया गया। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# फांसी पर लटकी मिली महिला

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना ईकोटेक वन क्षेत्र के ईकोटेक एक्सटेंशन वन में रहने वाली एक महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

ईकोटेक एक्सटेंशन वन में नदीम अपनी पत्नी शाहीन के साथ रह रहा है। बीती शाम नदीम घर पहुंचा तो उसे शाहीन फंदे पर लटकी हुई मिली। उसने पड़ोसियों की मदद से उसे नीचे उतरा और अस्पताल लेकर पहुंचा जांच के उपरांत चिकित्सकों ने शाहीन को मृत घोषित कर दिया।

जानकारी मिलने पर थाना ईकोटेक वन पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया थाना प्रभारी अनुज पवार ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शाहीन की करीब डेढ़ वर्ष पूर्व नदीम के साथ निकाह हुआ था उन्होंने बताया कि इस संबंध में मृतका के परिजनों ने भी कोई तहरीर नहीं दी है। परिजन अगर तहरीर देते हैं तो विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# चौकीदार को बाप-बेटे ने किया घायल

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-3 क्षेत्र में अपार्टमेंट की चौकीदारी करने वाले चौकीदार के साथ पिता पुत्र ने गाड़ी खड़ी करने को लेकर मारपीट की। मारपीट के दौरान भारी वस्तु से प्रहार कर चौकीदार को घायल कर दिया। चौकीदार के भाई ने थाने में पिता पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-73 निवासी आशुतोष तिवारी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसका भाई सौरभ तिवारी एफएमसी रोड काली मंदिर के पास बहुमंजिला इमारत में चौकीदारी का काम करता है। 11 मार्च की सुबह पड़ोस में ही जनरल स्टोर चलाने वाले बाबूलाल व (शेष पृष्ठ-4 पर)

# खेत में शौच करने पर हो गई पिटाई




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** खेत में शौच करने पर खेत मालिक ने अपने बेटे के साथ मिलकर बाराती की पिटाई कर दी। मारपीट की वजह से बाराती घायल हो गया। पिटाई के दौरान आरोपी ने जाति सूचक शब्दों का भी प्रयोग किया। पीडित ने थाना दनकौर में पिता पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम भराना जिला बुलंदशहर निवासी विकास ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसके गांव से एक बारात थाना दनकौर क्षेत्र के सलारपुर गांव में आई थी बारात की सड़क के दौरान (शेष पृष्ठ-4 पर)

# छात्रा समेत तीन किशोरियों का अपहरण

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** अलग-अलग स्थान से तीन किशोरिया लापता हो गई।परिजनों ने तीन युवकों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया है।

थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के सुत्याना गांव में रहने वाले मनोज (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उनकी (17 वर्षीय) बेटी 4 मार्च को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। उन्होंने जब उसकी तलाश की तो पता चला कि पड़ोस में रहने वाला आकाश पुत्र भगवान दास निवासी जनपद रामपुर उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया है। थाना ईकोटेक-3 पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के



खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। थाना सूरजपुर क्षेत्र के देवला गांव में रहने वाले सलीम खान (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उनकी बेटी 9 मार्च की सुबह घर से बिना बताए चली गई थी। उन्होंने जब अपनी बेटी की तलाश की तो पता चला कि पड़ोस में रहने वाला प्रशांत पुत्र कमल सिंह उसे अपने साथ ले गया है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# किसानों की समृद्धि सरकार का लक्ष्य : विराट सिंह

**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा नोएडा महानगर के द्वारा 'ग्राम परिक्रमा यात्रा' का समापन किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम इलावास में हुआ। बैठक की अध्यक्षता ओमवीर अवाना ने की। कार्यकर्म के मुख्य अतिथि विराट सिंह रहे।

विराट सिंह ने मौजूद किसानों के लिए किसान समृद्धि योजना के बारे में विस्तार से बताया और किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं को इस ग्राम परिक्रमा यात्रा कार्यक्रम को कामयाब करने के लिए आभार प्रकट किया।

किसान मोर्चा अध्यक्ष ओमवीर अवाना ने 12 फरवरी 2024 को ग्राम बेहलोलपुर से शुरू हुई ग्राम परिक्रमा यात्रा का समापन करते



हुआ वहां मौजूद किसानों के साथ अपने विचार सांझा किए। उन्होंने बताया कि भाजपा की योजनाओं के तहत भारत सरकार विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं को देश के सभी पात्र लाभार्थियों तक पहुंचा रही है। 7 वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश हित में बहुत सी योजनाओं का शुभारंभ किया है।

कार्यक्रम में सुशील शर्मा,रवि यादव, (शेष पृष्ठ-4 पर)

सत्र 2024 -2025 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती
ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा




फ़ोन .08750611103

## महिला की हिम्मत

राजस्थान के एक सुदूर रेगिस्तानी गांव की बेटी महिला सशक्तीकरण का प्रतीक बन गई है। उसने अविवाहित महिलाओं के साथ सरकारी स्तर पर किए जा रहे भेदभाव के खिलाफ लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी और आखिरकार उसमें जीत हासिल करके महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने में सफलता हासिल कर ली है। यह कहानी है राजस्थान के बालोतरा जिले के गूगड़ी गांव की निवासी 26 वर्षीय मधु चारण की। एक गरीब मजदूर पिता की बेटी मधु के संघर्ष की बदौलत राज्य की हजारों अविवाहित महिलाओं को आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता और सहायिका बनने का अधिकार मिल सका है। हाल में राज्य की उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने इस आशय के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। दरअसल, कई दशकों से राजस्थान में अविवाहित महिलाओं को आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता और सहायिका बनने से वंचित किया जा रहा था। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इन पदों के लिए आवेदनकर्ता महिलाओं का विवाहित होना जरूरी होने की शर्त लगा रखी थी। यह शर्त सीधे तौर पर अन्याय था, लेकिन कोई महिला इसके खिलाफ आवाज नहीं उठा रही थी। कहते हैं, कभी न कभी तो अन्याय का प्रतिकार होना ही होता है। विभाग की ओर से वर्ष 2019 में गूगड़ी गांव में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद के लिए आवेदन मांगे गए। मधु अपना आवेदन लेकर विभाग के कार्यालय में गई, लेकिन उसका आवेदन पत्र लेने से यह कहकर इनकार कर दिया गया कि उसकी तो अभी शादी नहीं हुई है। विभाग के अधिकारियों की बात सुनकर मधु हैरान रह गई। उसने प्रश्न किया कि जब वह आयु, शैक्षणिक योग्यता समेत तमाम शर्तों पर खरी उतर रही है तो उसके अविवाहित होने का सवाल क्यों? अधिकारियों ने उसे राज्य सरकार की शर्त होना बताकर वापस भेज दिया। मधु घर लौट आई, लेकिन लगातार सोचती रही। बार-बार यही ख्याल आ रहा था कि ऐसे तो पूरे राज्य में हजारों महिलाओं को सिर्फ इसलिए काम करने से वंचित किया जा रहा है क्योंकि वे अभी अविवाहित हैं। उसने इस बारे में जितना सोचा, उतना ही परेशान होती चली गई। आखिरकार, उसने इस अन्याय के खिलाफ लडने् की ठान ली। अगले दिन उसने पिता मूलदान चारण को अपना इरादा बताया। पिता ने उसकी लड़ाई में साथ देने की हामी भर दी तो मधु का हौसला दोगुना हो गया। उसने तत्काल एक तरफ तो अपना आवेदन-पत्र डाक के जरिए विभाग कार्यालय में भेजा, दूसरी ओर महिलाओं के खिलाफ अन्याय को लेकर राजस्थान उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा दिया। न्यायालय ने उसकी याचिका पर राज्य सरकार से जवाब-तलब कर लिया। मुकदमा शुरू हो गया। मधु ने करीब पांच साल तक कोर्ट में तारीखें भुगतीं। अंततः 4 सितंबर 2023 को वह दिन आ ही गया, जब हाईकोर्ट ने मधु के हक में फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने महिलाओं के विवाहित होने की शर्त को अविवाहित महिला उम्मीदवारों के लिए अतार्किक और उनके अधिकारों का उल्लंघन बताया।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि सत्ययुग, त्रेता और द्वापर में जो गति पूजा, यज्ञ और योग से प्राप्त होती है, वही गति कलियुग में लोग केवल भगवान के नाम से पा जाते हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**कृतजुग सब जोगी बिग्यानी। करि हरि ध्यान तरहिं भव प्रानी॥**
**त्रेताँ बिबिध जग्य नर करहीं। प्रभुहि समर्पि कर्म भव तरहीं॥**

सत्ययुग में सब योगी और विज्ञानी होते हैं। हरि का ध्यान करके सब प्राणी भवसागर से तर जाते हैं। त्रेता में मनुष्य अनेक प्रकार के यज्ञ करते हैं और सब कर्मों को प्रभु को समर्पण करके भवसागर से पार हो जाते हैं॥

**द्वापर करि रघुपति पद पूजा। नर भव तरहिं उपाय न दूजा॥**
**कलिजुग केवल हरि गुन गाहा। गावत नर पावहिं भव थाहा॥**

द्वापर में श्री रघुनाथजी के चरणों की पूजा करके मनुष्य संसार से तर जाते हैं, दूसरा कोई उपाय नहीं है और कलियुग में तो केवल श्री हरि की गुणगाथाओं का गान करने से ही मनुष्य भवसागर की थाह पा जाते हैं॥

**कलिजुग जोग न जग्य न ग्याना। एक अधार राम गुन गाना॥**
**सब भरोस तजि जो भज रामहि। प्रेम समेत गाव गुन ग्रामहि॥**

कलियुग में न तो योग और यज्ञ है और न ज्ञान ही है। श्री रामजी का गुणगान ही एकमात्र आधार है। अतएव सारे भरोसे त्यागकर जो श्री रामजी को भजता है और प्रेमसहित उनके गुणसमूहों को गाता है,॥

**सोइ भव तर कछु संसय नाहीं। नाम प्रताप प्रगट कलि माहीं॥**
**कलि कर एक पुनीत प्रतापा। मानस पुन्य होहिं नहिं पापा॥**

वही भवसागर से तर जाता है, इसमें कुछ भी संदेह नहीं। नाम का प्रताप कलियुग में प्रत्यक्ष है। कलियुग का एक पवित्र प्रताप (महिमा) है कि मानसिक पुण्य तो होते हैं, पर (मानसिक) पाप नहीं होते॥

**दो0-कलिजुग सम जुग आन नहिं जौं नर कर बिस्वास।**
**गाइ राम गुन गन बिमल भव तर बिनहिं प्रयास॥**

यदि मनुष्य विश्वास करे, तो कलियुग के समान दूसरा युग नहीं है, (क्योंकि) इस युग में श्री रामजी के निर्मल गुणसमूहों को गा-गाकर मनुष्य बिना ही परिश्रम संसार (रूपी समुद्र) से तर जाता है॥

क्रमशः

# कांग्रेस से हो रहे पलायन पर चुप क्यों हैं नेता

कांग्रेस के दिग्गज एवं कद्दावर नेताओं में नाराजगी, हताशा एवं राजनीतिक नेतृत्व को लेकर निराशा के बादल लगातार मंडरा रहे हैं, पार्टी लगातार बिखराव एवं टूटन की ओर बढ़ रही है। पार्टी में उल्टी गिनती चल रहा है, लेकिन आश्चर्य इस बात को लेकर है कि इस उल्टी गिनती को रोकने के लिए कोई मजबूत उपाय नहीं हो रहे हैं। पार्टी से एक के बाद एक वरिष्ठ नेता कांग्रेस का दामन छोड़ने में लगे हुए हैं, कांग्रेस छोड़ने वाले इन नेताओं में कुछ राहुल गांधी के खास रहे हैं तो कुछ सोनिया गांधी के। पहले कांग्रेस में गिनती वन, टू, थ्री से होती थी। आजकल थ्री, टू, वन से होती है। पार्टी को मजबूती देने एवं पार्टी छोड़ कर जाने वाले नेताओं को रोकने की गिनती कौन शुरू करेगा? कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले देश में एकता यात्रा और उसके बाद अब न्याय यात्रा निकाल रहे हैं लेकिन वे पार्टी के भीतरी असंतोष एवं निराशा को रोकने का अभियान क्यों नहीं शुरू करते? क्या गांधी परिवार का अहंकार एवं परिवारवादी सोच ही पार्टी के टूटने का कारण है?

आगामी लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में बीते कुछ समय से शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो, जब किसी कांग्रेस नेता के पार्टी छोड़ने की खबर न आयी हो। गत दिवस गांधी परिवार के करीबी माने जाने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी एवं पूर्व कांग्रेसी सांसद गजेन्द्र सिंह राजूखेड़ी समेत मध्य प्रदेश के कई कांग्रेसी नेता भाजपा में शामिल हो गए। इसके पहले गुजरात, असम, महाराष्ट्र और यहां तक कि केरल के भी नेता कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। एक के बाद एक नेताओं के कांग्रेस छोड़ने का सिलसिला यही बताता है कि उन्हें पार्टी में अपना भविष्य नहीं दिख रहा है, पार्टी नेतृत्व की अपरिपक्व एवं बचकाना राजनीति एवं देश-विकास की कोई स्पष्ट नीति न होना भी इन नेताओं के पार्टी छोड़ने का कारण है। राहुल गांधी के पास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा के खिलाफ कोई मजबूत विरोधी दावे नहीं हैं, चुनाव जीतने के लिये जिस तरह की राजनीति सोच एवं एजेंडा होना चाहिए, वह भी दिखाई नहीं दे रहा है। जातीय जनगणना, अदाणी- अंबानी, युवाओं, महिलाओं एवं गरीबों की अनदेखी करने के खोखले एवं बेबुनियाद आरोप के अलावा और कुछ कहने को नहीं है। वे जिन समस्याएं की चर्चा करते हैं, उनका कोई कारगर समाधान उनके पास नहीं हैं। अक्सर वे समाजवादी और वामपंथी नीतियों की वकालत करते दिखते हैं, जो पहले ही नाकाम हो चुकी हैं। कांग्रेस की यह विडम्बनापूर्ण एवं बेजान स्थिति तब है, जब आम चुनावों की घोषणा होने ही वाली है। कांग्रेस से लगातार पलायन करते नेताओं की यह दर्दनाक स्थिति रेखांकित करती है कि पार्टी नेतृत्व अपने नेताओं को प्रेरित एवं रोक नहीं कर पा रहा है। इसके लिए सबसे अधिक दोषी राहुल गांधी और उनके इर्द-गिर्द के लोग हैं, जो भाजपा एवं मोदी सरकार को चुनौती देने के नाम पर घिसे-पिटे बयान देने में लगे हुए हैं।




**लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस को रोज एक न एक झटका लग रहा है। उसके नेता कब उसका साथ छोड़ दें पता नहीं चलता। जैसे ही कोई चुनाव शुरू होता है, उसी समय से नेताओं का कांग्रेस छोड़कर जाना शुरू हो जाता है।**

लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस को रोज एक न एक झटका लग रहा है। उसके नेता कब उसका साथ छोड़ दें पता नहीं चलता। जैसे ही कोई चुनाव शुरू होता है, उसी समय से नेताओं का कांग्रेस छोड़कर जाना शुरू हो जाता है। क्या महाराष्ट्र, क्या मध्य प्रदेश, क्या कर्नाटक, सभी राज्यों से कांग्रेस के कई बड़े नेता या तो पार्टी छोड़ चुके हैं या छोड़ने की अटकलें लग रही हैं। राहुल गांधी के सबसे नजदीकी नेताओं में शामिल रहे दिग्गज भी अब भाजपा के साथ हैं तो वहीं कांग्रेस में सोनिया गांधी के करीबी माने जाने वाले नेताओं में से रीता बहुगुणा जोशी, कैप्टन अमरिंदर सिंह और गुलाम नबी आजाद भी बहुत पहले ही पार्टी का दामन छोड़ चुके हैं। कांग्रेस से युवा नेताओं का भी मोह भंग होता जा रहा है। इसका उदाहरण मिलिंद देवड़ा, ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, अल्पेश ठाकोर, हार्दिक पटेल, सुष्मिता देव, प्रियंका चतुर्वेदी, आरपीएन सिंह, अशोक तंवर जैसे नेता हैं, जो कांग्रेस से अलग हो चुके हैं। बिहार में अशोक चौधरी, असम के वर्तमान मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा, सुनील जाखड़ के साथ अश्वनी कुमार, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हान जैसे भी नेता हैं जो पार्टी के काम करने के तरीके से नाखुश होकर पार्टी का दामन छोड़ चुके हैं। ये वे नेता हैं जिन्हें कांग्रेस ने पहचान दी, केन्द्रीय मंत्री, राज्य में मंत्री बनाया, पार्टी में बड़े पदों पर बिठाया परन्तु पार्टी के मुश्किल वक्त में वो पार्टी छोड़कर भाग रहे हैं।

कांग्रेस के दिग्गज नेता जो पार्टी छोड़ चुके या छोड़ने की फिराक में है, वे नरेन्द्र मोदी एवं राहुल के बीच के फर्क को महसूस कर रहे हैं। कांग्रेसी नेता यह गहराई से देख रहे हैं कि राहुल किस तरह हमारे सैनिकों की वीरता-शौर्य-बलिदान पर सवाल उठाते रहे हैं, भारत की बढ़ती साख, सुरक्षा एवं विकास की तस्वीर को बट्टा लगाते हैं। इन नेताओं ने महसूस किया कि किन्हीं राहुल रूपी गलतबयानी की वजह से मोदी की छवि पर कोई असर नहीं पड़ा है, भारत ही नहीं, समूची दुनिया में मोदी के प्रति सम्मान एवं श्रद्धा का भाव निरन्तर प्रवर्द्धमान है। राहुल गांधी एवं उनके रणनीतिकारों की नरेंद्र मोदी, भाजपा और संघ परिवार के प्रति शाश्वत वैर-भाव एवं विरोध की राजनीति समझ में आती है लेकिन देश की छवि खराब करने, सरकार को कमजोर बता कर और मोदी जैसे कद्दावर नेता को खलनायक बनाने से उन्हें इज्जत नहीं मिलेगी। यह तो विरोध की हद है! नासमझी एवं राजनीतिक अपरिपक्वता का शिखर है!! उजालों पर कालिख पोतने के प्रयास हैं!!! इसकी कीमत कांग्रेस पार्टी अपने कद्दावर नेताओं को खोकर दे रही है।

दरअसल भाजपा के ताकतवर होने के बाद कांग्रेस ने कभी भी पार्टी के लगातार कमजोर पड़ते जाने को लेकर आत्मंथन नहीं किया। कांग्रेस नीति और सिद्धांत भी संदेहास्पद होते चले गये हैं। ऐसे में भाजपा ने कांग्रेस के मजबूत किले में तोडफ़ोड़ करने में कसर बाकी नहीं रखी। भाजपा ने दोतरफ से कांग्रेस का घेराव किया। एक तरफ कांग्रेस शासन के भ्रष्टाचार और गलत नीतियों को न सिर्फ उजागर किया बल्कि कई दिग्गजों पर सीबीआई और ईडी की कार्रवाई भी करवाई। दूसरी तरफ भाजपा ने कांग्रेस में सेंधमारी करके उसके मजबूत नेताओं को तोड़ा और पार्टी को हाशिए पर ले आयी। दोनों तरफ से पिटती कांग्रेस में नेताओं को लगने लगा कि इसके दिन लद गए लगते हैं, यहां उनका राजनीतिक जीवन अंधकारमय है।

राहुल गांधी अपने आधे-अधूरे, तथ्यहीन एवं विध्वंसात्मक बयानों को लेकर निरन्तर चर्चा में रहते हैं। उनके बयान हास्यास्पद होने के साथ उद्देश्यहीन एवं उच्छृंखल भी होते हैं। राहुल ने पहले भी बातों-बातों में मोदी विरोध के नाम पर राष्ट्र-विरोध किया है। वह देश के प्रमुख विपक्षी दल के नेता हैं। सरकार की नीतियों से नाराज होना, सरकार के कदमों पर सवाल उठाना उनके लिए जरूरी है। राजनीतिक रूप से यह उनका कर्तव्य भी है। लेकिन उनके विरोध एवं राजनीति में वह दम-खम नहीं है जो मोदी का मुकाबला कर सके। यही बात कांग्रेस पार्टी के अंदर अभी जो हलचल है उसका एक बड़ा कारण है। वैसे कांग्रेस की अंतर्कलह की वजहें काफी सालों से हैं जिसको सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अब मल्लिकार्जुन खरगे तक रोकने में असक्षम दिख रहे हैं। भले ही कांग्रेस के कुछ चाटुकार नेता पार्टी से पलायन का कारण केन्द्रीय एजेंसियों का दबाव और इसे ही भाजपा में जाने का कारण बतायें। अगर कांग्रेस का केन्द्रीय नेतृत्व इतना प्रभावी एवं सक्षम होता तो वे अपने जाने वाले नेताओं को रोकते हुए कहते कि ये वक्त किसी दबाव के आगे झुकने का नहीं है बल्कि लोकतंत्र को बचाने और देश के भविष्य के लिए संघर्ष करने का है। कांग्रेस तो इतनी जर्जर एवं आधारहीन हो गयी है कि उसने पूरे देश में विपक्ष को एनडीए के खिलाफ इकट्ठा करने के लिए इंडिया गठबंधन तैयार किया, तब उसे लगा था कि देश की सत्ता तक पहुंचने के लिए यह रास्ता आसान होगा। लेकिन, एक-एक कर इंडिया गठबंधन से पार्टियां अलग होती चली गईं। सबसे पहले नीतीश कुमार जिन्होंने इस गठबंधन के लिए सबको इकट्ठा किया था भाजपा के साथ हो लिए। फिर ममता बनर्जी को भी कांग्रेस का साथ रास नहीं आया। इसके मायने तो यही हैं कि कांग्रेस खुद की पार्टी एवं इंडिया गठबंधन को संभालने में ही नाकाम रही तो वह देश क्या संभालेगी?

**-ललित गर्ग**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)**

## छोटे कद की लड़की

अन्नू, छटी कक्षा की विद्यार्थी थी। उसके पापा बैंक अधिकारी थे इसलिए उनकी ट्रांसफर तीन साल के बाद होती ही थी। इस बार पापा की ट्रांसफर बिलासपुर हुई। बिलासपुर छोटा शहर था, वहां संयोग से उसी स्कूल की शाखा नहीं थी जिसमें वह पहले पढ़ते थे। अन्नू और उसके बड़े भाई आभास ने नए स्कूल में दाखिला लिया। नए स्कूल का सिलेबस अलग था इसलिए उन्हें नया सिलेबस समझने के लिए ज्यादा मेहनत करनी थी।

अन्नू ने सत्र के दौरान दाखिला लिया था इसलिए उसने अपना पूरा ध्यान पढाई में लगा लिया ताकि ज्यादा अंक लेकर पास हो सके। उसने अपने सहपाठियों से उनकी अभ्यास पुस्तिकाएं लेकर अपनी अभ्यास पुस्तिकाएं पूरी की। उसने वास्तव में बहुत मेहनत की और पढ़ाई में सभी सहपाठियों के साथ खुद को अपडेट कर लिया। जब उसने अभ्यास पुस्तिकाएं अपनी क्लास अध्यापिका को दिखाई तो वह भी प्रभावित हुई और अन्नू को शाबासी दी। अन्नू ने अपनी मेहनत से साबित कर दिया था कि वह कक्षा के सर्वश्रेष्ठ छात्रों में से एक होने वाली है।

पहले वर्ष अन्नू ने स्कूल की किसी भी अतिरिक्त गतिविधि में हिस्सा नहीं लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल नृत्य नहीं किया न ही किसी खेल गतिविधि में भाग लिया। जब वार्षिक परिणाम आया तो वह कक्षा में तीसरे स्थान पर रही। उसके मम्मी पापा भी खुश थे कि सत्र के बीच स्कूल बदलने के बावजूद उसने अच्छे से पढ़ाई की। उन्होंने कभी अन्नू पर दबाव नहीं डाला था कि कक्षा में प्रथम ही आओ बलिक हमेशा यही कहा कि पढ़ाई मेहनत से करो और अपने शौक, डांस, मिमिक्री, पेंटिंग, खेल आदि भी साथ साथ करते रहो।

अन्नू सातवीं कक्षा में हो गई थी। अब उसे लगभग तीन साल उसी स्कूल में पढना था। वह स्कूल में होने वाले सभी कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए मानसिक रूप से तैयार हो चुकी थी। उसने पेंटिंग, नृत्य, नाटक और खेलों में भाग लेना शुरू कर दिया। कुछ दिन बाद, प्रार्थना सभा में प्रिंसिपल ने घोषणा की कि दो सप्ताह बाद स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उसमें जो बच्चे जीतेंगे उन्हें इंटरस्कूल खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए भेजा जाएगा।

स्कूल के नोटिस बोर्ड पर भी नोटिस लगाया गया, जिसमें सूचित किया गया था कि बच्चे, स्कूल की छुट्टी होने के बाद, स्कूल में रोज़ाना अभ्यास कर सकते हैं। अन्नू ने भी अपना नाम दौड़ में हिस्सा लेने के लिए लिखवाया और शाम को स्कूल मैदान में अभ्यास के लिए पहुंच गई। पीटीआई ने उसे अन्य बच्चों के साथ खड़े हुए देखा तो पूछा, तुम क्यों आई हो।

अन्नू ने कहा सर, मैंने प्रतियोगिता में भाग लेना है। किस खेल में, उन्होंने पूछा तो अन्नू बोली, सौ मीटर की दौड़ में हिस्सा लेना है।

सर ने कहा, तुम्हारा कद तो छोटा है, तुम तेज़ कैसे दौड़ सकती हो। अन्नू को सर का इस तरह से कहना अच्छा नहीं लगा। वह इस बात को अच्छी तरह समझती थी कि छोटा कद होने के कारण किसी को भी, किसी भी प्रतियोगिता या कार्य से वंचित नहीं रखा जा सकता।

उसने कहा आदरणीय सर, दुनिया में छोटे कद के बहुत खिलाड़ी हैं जो सफल रहे हैं। हमारे देश के सचिन तेंदुलकर छोटे कद के विश्व प्रसिद्ध खिलाड़ी हैं। अन्य क्षेत्रों में भी छोटे कद के लोगों ने सफलता पाई है। असली बात तो मेहनत और लगन होती है जिसके बल पर आप कोई भी कार्य बेहतर कर सकते हो, पुरस्कार प्राप्त कर सकते हो।

पीटीआई सर को पहले ही अपनी भूल का एहसास हो चुका था। अब तो अन्नू ने भी उन्हें बता दिया था। उन्होंने अन्नू से कहा, बेटा मुझे ऐसा नहीं कहना चाहिए था। तुम अगले ट्रायल में ज़रूर आना। अन्नू को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा था जो अब उसके लिए एक चुनौती भी था। उसने सुबह उठकर प्रतिदिन अपने घर के बाहर पार्क में और पढ़ाई के बाद स्कूल में भी खूब अभ्यास किया और ट्रायल के दिन सौ मीटर की रेस में पहले स्थान पर रही।

स्कूल की प्राचार्य और पीटीआई सर ने उसे खूब शाबासी दी और इंटरस्कूल प्रतियोगिता के लिए अधिक अभ्यास करने के लिए कहा। अन्नू के पास अभी कई दिन थे, उन दिनों में वह सर की देखरेख में बेहतर अभ्यास कर सकती थी। उसे पूरा आत्मविश्वास था कि प्रतियोगिता में उसका प्रदर्शन बेहतर रहेगा।

**- संतोष उत्सुक**

*अन्नू ने सत्र के दौरान दाखिला लिया था इसलिए उसने अपना पूरा ध्यान पढाई में लगा लिया ताकि ज्यादा अंक लेकर पास हो सके। उसने अपने सहपाठियों से उनकी अभ्यास पुस्तिकाएं लेकर अपनी अभ्यास पुस्तिकाएं पूरी की।*



## राशिफल

फाल्गुन कृष्ण पक्ष : चतुर्थी | (विक्रम संवत् 2080)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
शुभता के प्रतीक बने रहेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान की स्थिति बहुत अच्छी होगी। व्यापार बहुत अच्छा होगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। यद्यपि की शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। लेकिन खर्च की स्थिति कर्ज की स्थिति ला सकती है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगा। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
व्यावसायिक स्थिति सुदृढ़ होगी। पिता का साथ होगा। स्वास्थ्य बहुत अच्छा है। प्रेम-संतान बहुत अच्छा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
भाग्य साथ देगा। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। यात्रा का संयोग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
कन्या राशि वालों को चोट-चपेट लग सकता है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। बचकर पार करें।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी-चाकरी की स्थिति सुदृढ़ होगी।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
शत्रु भी मित्र बनने की कोशिश करेंगे। आपके सामने नरमस्तक होंगे। स्वास्थ्य पहले से बेहतर, प्रेम-संतान बहुत अच्छा और व्यापार भी बहुत अच्छा है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम-संतान बहुत अच्छा है और व्यापार बहुत अच्छा है। लाल वस्तु पास रखें।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
घरेलू सुख बढ़-चढ़कर बढ़ेगा। घर में कुछ उत्सव संभव है। मां के स्वास्थ्य में सुधार होगा। भूमि और वाहन की खरीदारी होगी।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोई नए कार्य की शुरुआत हो सकती है। अपनों का साथ होगा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
स्वास्थ्य में बहुत सुधार होने की गुंजाइश है। प्रेम-संतान बहुत अच्छा,व्यापार बहुत अच्छा, धन का आगमन दिख रहा है

# भाजपाईयों ने चलाया घर-घर जनसम्पर्क अभियान



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने सूरजपुर मंडल जारचा, बिसरख, कासना, ज़ेवर, दनकौर, रबूपुरा, दादरी, बादलपुर मंडल में लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत घर-घर जनसम्पर्क अभियान चलाया। सूरजपुर मण्डल के घोड़ी गाँव में जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी के नेतृत्व में लाभार्थियों से संपर्क किया गया।

भाजपा के ज़िला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सीएम आदित्यनाथ योगी की सरकारों ने देश प्रदेश की जनता को लाभ देने का कार्य उज्ज्वला गैस योजना, जनधन खाता, किसान निधि योजना, शौचालय योजना, आयुष्मान भारत, हर घर नल योजना ऐसी सैकड़ों योजनाओं से लाभ देने का कार्य किया है।

उन्होंने लोगों से भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के ऐतिहासिक ज़ेवर हवाई अड्डा विकास कार्यों पर प्रकाश डाला और उनको अधिक से अधिक मतों से विजयी हो उसके लिये वोट माँगे गाँव खेड़ा धर्मपुरा गांव में भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के लिए जनसंपर्क कर वोट मांगे और उनके द्वारा कराए गए क्षेत्र में विकास कार्य पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख बिजेंद्र भाटी, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रेम प्रधान, मंडल अध्यक्ष महेंद्र नागर, मनोज भाटी, मंडल प्रभारी रवि जिंदल, कर्मवीर आर्य, पंकज रावल, बिजेंद्र रावल, धीरज मामी, गोकुल महावीर, सर्वेश, रवि शर्मा, आनंद मावी, सतपाल मावी, आदि लोग मौजूद रहे।

# सैनी समाज ने दी मुख्यमंत्री को बधाई

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** राष्ट्रीय सैनी सभा के जिला अध्यक्ष डॉ पवन कुमार सैनी ने हरियाणा के नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को बधाई दी है। सर्वविदित हो कि नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाया गया था। इस मौके पर जिला अध्यक्ष पवन कुमार सैनी ने कहा कि नायब सिंह सैनी सैनी समाज का देश में सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हम सब सभी सैनी समाज उनका आभार व्यक्त करते हैं। पवन कुमार सैनी ने कहा कि नायब सिंह सैनी हमेशा से सैनी समाज को आगे बढ़ाने तथा उनके उत्थान के प्रति के संकल्पित रहे हैं और आज उन्हें इतना बड़ा पद मिला है जिसे सैनी समाज अपने





आप को गौरववित महसूस कर रहा है जिला अध्यक्ष पवन कुमार सैनी ने कहा कि हम सभी सैनी समाज के लोग एकत्र होकर हरियाणा पहुंचेंगे और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत एवं अभिनंदन करेंगे।

# भव्य देवी जागरण आज, तैयारी पूरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नगला चरण दास गांव में आज शाम भव्य देवी जागरण का आयोजन किया गया है। और इसकी तैयारी भी पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम में बाहर से देवी जागरण करने वाले कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। आज रात जागरण की समापन के बाद कल भंडारे का आयोजन होगा यह जानकारी भारतीय किसान यूनियन के नेता भूपेंद्र शर्मा ने दी है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की बात इस वर्ष भी नागला चरण दास गांव में भाव देवी जागरण का आयोजन हो रहा है। इसमें



गांव के साथ-साथ अन्य गांव के लोग भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि सभी को चाहिए को समय-समय पर हिंदू सनातन धर्म को आगे बढ़ाने के लिए देवी जागरण का कार्यक्रम करवाते रहे।

# उत्पीड़न के खिलाफ भाकियू (बलराज) ने सौंपा ज्ञापन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के प्रदेश अध्यक्ष हातम सिंह भाटी व उनके परिवार पर सैक्टर 142 थानाध्यक्ष द्वारा कुछ भू-माफिया प्रवर्ति के लोगों की मिलीभगत व साठगांठ कर बार बार झूठे मुकदमे दर्ज कराने के विरोध में कल यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने जिलाधिकारी एवं एडीसीपी को ज्ञापन सौंपा और मामले में हस्ताक्षेप की मांग की।



इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला रेखा सिवाल, प्रदेश अध्यक्ष हातम सिंह भाटी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष संदीप भाटी, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा विपिन खारी, उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश भाटी, उत्तर प्रदेश सचिव, उत्तर प्रदेश महासचिव दिलदार अंसारी, उत्तर प्रदेश सचिव यामीन अंसारी, श्रीपाल भाटी उत्तर प्रदेश महासचिव, उधम भाटी, उत्तर प्रदेश संगठन मंत्री विजय ठेकेदार, जिला अध्यक्ष फहीम मंसूरी मुरादाबाद, जिला अध्यक्ष रामवीर भाटी, जिला उपाध्यक्ष जयकार भाटी, हरेंद्र जिला उपाध्यक्ष तहसील अध्यक्ष दादरी सोविंद्र भाटी आदि मौजूद रहे।



**भारतीय किसान यूनियन बलराज संगठन के बैनर तले गांव शाहदरा सेक्टर-142 में धरना आज भी जारी रहा।**

# रैली को लेकर गांवों में किया जनसम्पर्क



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** कल रामलीला मैदान में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसानो की रैली के लिए किसान सभा ने गांवों में जनसंपर्क कर किसानों से रैली में हिस्सा लेने के लिए किसान सभा ने आह्वान किया है।

अखिल भारतीय किसान सभा गौतमबुद्ध नगर इकाई के जिला अध्यक्ष डॉ रुपेश वर्मा संयोजक वीर सिंह नागर महासचिव जगबीर नंबरदार सचिव सुशील, सुरेंद्र यादव उपाध्यक्ष गवरी मुखिया सतीश यादव निशांत रावल मोहित नागर सचिन भाटी संदीप भाटी प्रशांत भाटी अशोक भाटी यतेंद्र मैनेजर सुरेंद्र भाटी पप्पू ठेकेदार, शिशांत भाटी, संदीप भाटी, जोगेंद्र प्रधान, अभय भाटी, रूपचंद भाटी तिलक देवी रईसा बेगम पूनम देवी जोगेंद्री देवी, निरंकार प्रधान मोनू मुखिया, नरेश नागर, करतार नागर बाबा संतराम मुख्य रहे।

# न्यू खुर्जा-साहनेवाल रेलखंड राष्ट्र को समर्पित

**नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज डेडीकेटेड फ्रंट कॉरीडोर के ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर अहमदाबाद का लोकार्पण एवं वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रंट कॉरीडोर के न्यू मकरपुरा-न्यू घोलवाड एवं ईस्टर्न डेडीकेटेड फ्रंट कॉरीडोर के न्यू खुर्जा-साहनेवाल रेलखंडों राष्ट्र को समर्पण अहमदाबाद से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया।

इसी उपलक्ष्य में जनपद गौतमबुद्धनगर के न्यू बोड़ाकी स्टेशन (डीएफसी) पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पर डीएफसीसी आईएल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर न्यू बोड़ाकी स्टेशन (डीएफसी) पर गौतमबुद्धनगर सांसद डॉ महेश शर्मा, विधान परिषद सदस्य एवं पूर्व केबिनेट मंत्री नरेंद्र भाटी, जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा, उपजिलाधिकारी सदर वेद प्रकाश पांडे, जनप्रतिनिधि एवं विशाल जन समूह उपस्थित हुए।

## न्यू बोडाकी स्टेशन पर हुआ सांस्कृति कार्यक्रम





इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय ज्ञान इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, पल्ला एवं फ्यूचर प्राइड पब्लिक स्कूल पल्ला के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा एवं डी एफ सी सी अधिकारियों द्वारा प्रतिभावान छात्रों को पुरस्कृत किया गया एवं जिलाधिकारी द्वारा न्यू बोड़ाकी स्टेशन एवं परिसर का निरीक्षण भी किया। जहां पर डी एफ सी के अधिकारियों के द्वारा जिलाधिकारी को डी एफ सी के निर्माण, संचालन एवं अन्य तकनीकी पहलुओं पर जानकारी दी गई।

# त्यौहार पर खाद्य सामग्री में न होने पाये मिलावट: डीएम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने होली एवं नवरात्रि के पर्व पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक अभियान चलाकर खाद्य एवं पेय पदार्थों की सैंपलिंग करने तथा हॉस्टलों में संचालित कैंटीनों का भी निरीक्षण करने के निर्देश दिये हैं।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभागार में जिला स्तरीय कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय अर्चना धीरान एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने विगत दिवसों में जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गयी प्रवर्तन कार्यवाही से जिलाधिकारी को अवगत कराया।

जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी होली एवं नवरात्रि के पर्व को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के माध्यम से जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में व्यापक अभियान चलाकर खाद्य एवं पेय पदार्थों की सैंपलिंग की जाए, ताकि जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध हो सके।

उन्होंने कहा कि होटल एवं रेस्टोरेंट में निकलने वाले वेस्ट खाद्य पदार्थों के सदुपयोग के लिए अध्ययन करते हुए अपने कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत की जाए। साथ ही हॉस्टलों में संचालित कैंटिनों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए द्वारा फूड फोर्टिफिकेशन, रीयूज्ड कुकिंग ऑयल एवं शुद्ध खाद्य व पेय पदार्थों को लेकर एक एडवाइजरी तैयार करते हुए सभी सोशल मीडिया



मानकों के अनुरूप कैंटीन का संचालन सुनिश्चित कराया जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों के द्वारा जनपद में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को लेकर भी मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से अभियान चलाया जाए और सभी दुकानों एवं मॉल संचालकों के माध्यम से भी उनमें आने वाले उपभोक्ताओं को अपने मतदान का प्रयोग करने के लिए प्रेरित कराया जाए। जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि उनके प्लेटफॉर्म तथा इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाना सुनिश्चित किया जाए ताकि अधिक से अधिक जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थों को लेकर जागरूक बनाया जा सके।

इस अवसर अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ नितिन मदान, जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी, आबकारी तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सीएए लागू करना ऐतिहासिक कदम : विकास जैन

**नोएडा ( चेतना मंच )।**

उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल ने पूरे देश में सीएए लागू होने का स्वागत किया है। संगठन की ओर से प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने कहा कि कल पूरे देश में नागरिक संशोधन अधिनियम लागू हो गया। अब पूरी दुनिया के हिंदू, जैन बौद्ध धर्म के लोग भारत में नागरिकता ले पाएंगे।

श्री जैन ने कहा कि इस क़ानून से किसी को भी डरने की ज़रूरत नहीं है किसी की भी नागरिकता इस क़ानून के द्वारा छीनी नहीं जाएगी। सरकार द्वारा अपने वचन को पूरा करते हुए यह एक ऐतिहासिक क़दम है। राजनीति से ऊपर उठकर भारत सरकार ने नागरिक संशोधन अधिनियम बिल को लागू किए जाने का हम स्वागत करते हैं। किसी भी देश में रह रहे हिंदू शरणार्थियों को अब देश में नागरिकता मिलेगी। इस क़ानून से सभी को समानता का अधिकार मिलेगा।




**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com


# डीसेंट पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान का आयोजन

**दादरी ( चेतना मंच )।** दादरी ब्लॉक के डीसेंट पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान का आयोजन किया गया।

इस अभियान के तहत उच्च प्राथमिक एवं कंपोसिट विद्यालय के 336 विद्यार्थियों की विज्ञान/गणित आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम लेवल में पास होने के बाद बच्चों ने द्वितीय लेवल की परीक्षा दी और द्वितीय लेवल में पास होने के बाद बच्चों ने तृतीय स्तर की परीक्षा दी।

अंतिम 25 विजेता बच्चों को डायट मेंटर संदीप, बीईओ नरेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव द्वारा 750 रुपए प्रति बच्चे को इनाम की राशि, मोमेंटो तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। चुने गए 25 बच्चो को विभिन्न प्रकार के विज्ञान आधारित मॉडल्स बनाकर आगामी जनपद स्तरीय राष्ट्रीय अभियान प्रतियोगिता में मॉडल प्रदर्शनी में भाग लेने का मौका मिलेगा।

कार्यक्रम का संयोजन खंड शिक्षा अधिकारी नरेंद्र श्रीवास्तव, डायट मेंटर विज्ञान संदीप, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान की ब्लॉक नोडल ममता शर्मा, श्वेता सोमवंशी एवं महेश कुमार



द्वारा किया गया।

इस मौके पर जिले के एसआरजी रश्मि त्रिपाठी, एआर पी शौकत अली समेत शिक्षक देवेंद्र कुमार,मनीषा, अंशु, बृजेश, शिवानी पाल, जितेंद्र नगर, मुदिता, अनुपमा, केजीबीवी से पूनम इत्यादि उपस्थित रहे।

# सांसद डा. महेश शर्मा ने प्रधानमंत्री का किया आभार व्यक्त



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारतीय रेल के आधुनिकीकरण के लिए 85000 करोड़ से अधिक की लागत से कार्यान्वित की जाने वाली विभिन्न रेल परियोजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ सम्मिलित हुये। इस उद्घाटन समारोह के दौरान गौतमबुद्धनगर जिले के दादरी स्थित न्यू बोड़ाकी जंक्शन में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का उद्घाटन करने पर सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया।

सांसद डा. महेश शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उद्घाटन किए गए ग्रेटर नोएडा स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुरातत्व संस्थान का वहां के निदेशक डां. अरुण राज एवं डां. पीयूष भट्ट के साथ निरीक्षण किया। सांसद ने कहा जिस शोध एवं शिक्षा को समर्पित संस्थान की मैंने कल्पना की थी आज उसके वटवृक्ष बनने पर मन में अत्यंत गर्व की अनुभूति हो रही है। कार्यक्रम के पश्चात सांसद डा. महेश शर्मा ने ''गांव चलो अभियान'' के तहत नौरंगपुर, अट्टा फतेहपुर, मुंझखेड़ा, कादलपुर, चपरगढ़, रिलखा डूंगपुर, मिर्जापुर, निलौनी, रामपुर बांगर, भट्टा-सक्का, मुतैना, दनकौर में भम्रण किया और वहां के ग्रामवासियों से संवाद कर उनसे केन्द्र में एक बार पुनः पूर्ण बहुमत के साथ मोदी सरकार बनाने की अपील की।

इस दौरान सोनू वर्मा, ओमकार भाटी, सुखवीर सिंह, फतेह मोहम्मद खां, उमेश खां, सुशील शर्मा, हरपाल, अजीत अधाना, राजेन्द्र भाटी, पंकज कौशिक, कैलाश शर्मा, सुनिल पंडित, अमित नागर, हरिदत्त शर्मा समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# प्राधिकरण ने सुनपुरा में अतिक्रमण पर चलाया बुल्डोजर

## 2.30 लाख वर्ग मीटर जमीन कराई खाली, जमीन की कीमत करीब 460 करोड़



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्राम सुनपुरा में अधिसूचित एरिया की जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ मंगलवार को बुल्डोजर चलाया। प्राधिकरण ने करीब 2.30 लाख वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त करा लिया। बाजार दर से इसकी कीमत करीब 460 करोड़ रुपये होने का आकलन है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अधिसूचित एरिया में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। परियोजना विभाग अतिक्रमण हटाने की लगातार कार्रवाई कर रहा है। ग्रेटर नोएडा के सुनपुरा गांव में कुछ कालोनाइजर अधिसूचित एरिया (खसरा नंबर-403, 405, 406, 407, 408, 410, 411, 438, 444, 401, 434, 435, 442 व 430 आदि) में बाउंड्री बनाकर अवैध प्लॉटिंग कर रहे थे। प्राधिकरण की तरफ से नोटिस जारी की गई, लेकिन कोई असर नहीं हुआ, जिसके चलते मंगलवार को प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार के नेतृत्व में वर्क सर्किल दो की टीम ने जोरदार कार्रवाई की।

इस टीम में उनके साथ मैनेजर स्वतंत्र वर्मा और सहायक प्रबंधक राजीव मोटला व अन्य स्टाफ भी शामिल रहे। प्राधिकरण के सुरक्षा कर्मियों और स्थानीय थाना पुलिस की मदद से टीम ने इन खसरा नंबरों की लगभग 2.30 लाख वर्ग मीटर जमीन को कब्जा मुक्त करा लिया। खसरा नंबरा 407 व 434 की जमीन पर आंशिक रूप से अतिक्रमण हटाया गया है। इस कार्रवाई में 7 बुल्डोजरों का इस्तेमाल किया गया। करीब 3 घंटे तक कार्रवाई चली।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने चेतावनी दी है कि प्राधिकरण की अधिसूचित एरिया में जमीन कब्जाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने परियोजना विभाग के सभी वर्क सर्किल प्रभारियों को अपने एरिया में जमीन पर अतिक्रमण रोकने के लिए कड़ी नजर रखने और अतिक्रमण की सूचना मिलते ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने कहा है कि अवैध रूप से जमीन कब्जा कर काटी जा रही कॉलोनी में अपनी गाड़ी कमाई न फंसाएं। अगर किसी कॉलोनाइजर से अवैध कॉलोनी में प्लॉट खरीदा है तो रजिस्ट्री का प्रपत्र लेकर पुलिस से शिकायत करें। साथ ही इसकी एक कॉपी प्राधिकरण को भी उपलब्ध कराएं ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने कहा है कि ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित एरिया में किसी भी व्यक्ति को अवैध निर्माण करने की इजाजत नहीं है। ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें।

# मकान मालिक पर डाक्टर का सामान चुराने का आरोप

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** नॉलेज पार्क में एक आयुर्वेदिक डॉक्टर ने अपने मकान मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि उसकी गैर मौजूदगी में मकान मालिक ने उसके कमरे का ताला तोड़कर सामान चोरी कर लिया।

मोहल्ला बाग वाला खानपुर बुलंदशहर निवासी दानिश अली ने बताया कि वह तुगलपुर गांव में धर्म सिंह पुत्र चैनसुख के मकान में पिछले 6 माह से किराए पर रह रहा था। वह ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में आयुर्वैदिक डॉक्टर के रूप में कार्यरत था उसने फरवरी 2024 तक का किराया मकान मालिक को दे दिया था। 25 दिसंबर को वह अपनी मां का इलाज करने के लिए बुलंदशहर स्थित अपने पैतृक घर चला गया। 18 फरवरी 2024 को जब अपने घर से वापस कमरे पर आया तो उसके कमरे पर दूसरा ताला लगा हुआ था।

यह देखकर उसने पुलिस को सूचना दी मौके पर आई पुलिस ने मकान मालिक को बुलवा कर ताला खुलवाया तो उसके कमरे में रखा सामान गायब था। दानिश अली के मुताबिक कमरे के अंदर से उसके सामान के अलावा दसवीं, बारहवीं के सर्टिफिकेट, बीएमएस के रिजल्ट, पासपोर्ट, मूल निवास, जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज गायब थे। उसने जब मकान मालिक धर्म सिंह से अपने दस्तावेज व सामान मांगा तो उसने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मकान मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच पर साल शुरू कर दी है।

# होली के लिए लाये तस्करी की शराब

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना ईकोटेक 1 पुलिस ने क्रेटा कार में हरियाणा से तस्करी कर लाई जा रही 10 पेटी शराब बरामद की है। पुलिस ने दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी अनुज पवार ने बताया कि पुलिस यमुना पुश्ते की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक क्रेटा कार को जांच के लिए रोका गया। कार की तलाशी लेने पर उसमें से सात पेटी नाइट ब्लू तथा तीन पेटी रोल स्टेट हरियाणा राज्य की बरामद हुई। कार सवार फाजिल व आफताब ने बताया कि वह हरियाणा से सस्ती दरों पर शराब लाकर उसे दिल्ली में बेचते हैं। वह यह शराब होली पर बेचने के लिए लाए थे। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है और तस्करी में प्रयुक्त क्रेटा कार को भी सीज कर दिया गया है।

# छत पर पढ़ रहा था छात्र कमरे से लैपटॉप चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के होशियापुर गांव से चोरों ने एक युवक का लैपटॉप चोरी कर लिया घटना के समय युवक अपने साथियों के साथ छत पर पढ़ने के लिए गया था। इस दौरान कमरे का ताला खुला रह गया था। होशियापुर गांव में किराए पर रहने वाले टिंकल वर्मा ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ छत पर पढ़ने के लिए गया था। इस दौरान में कमरे का ताला लगाना भूल गया था। कुछ देर बाद जब वह छत से नीचे आए तो उसे दरवाजा खुला हुआ तथा कमरे में रखा लैपटॉप गायब मिला उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। थाना सेक्टर-49 प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# बसई गांव में व्यक्ति की संदिग्ध मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-3 क्षेत्र के बसई गांव में रहने वाले एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि बाथरूम में गिरने के कारण सिर में चोट लगने की वजह से उक्त व्यक्ति की मौत हुई है। मूल रूप से महाराष्ट्र निवासी आरिज पुत्र शकील सेक्टर-70 स्थित बसई गांव में रह रहा था। बीती शाम मकान मालिक को वह कमरे में लहूलुहान अवस्था में पड़ा हुआ मिला। मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी और आरिज को जिला अस्पताल लेकर पहुंचा। परीक्षण के उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आज बाथरूम में फिसल कर गिर गया था इस कारण उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। सर में लगी चोट के कारण ही उसकी मौत हुई है। मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**ग्रेटर नोएडा में...**

इसके लिए बैंकों को भी मैं बधाई देता हूं। विश्वकर्मा श्रम सम्मान और एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत टूल किट दिए गए हैं। प्रदेश का 11वां और उन्नाव का पहला प्लेज पार्क भी तैयार हो गया है। मुख्यमंत्री योगी एमएसएमई क्षेत्र के विस्तार हेतु 30,826 करोड़ के मेगा ऋष्ा वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र प्रदेश के अंदर युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के संभावना वाला सबसे बड़ा क्षेत्र बनकर उभरा है। एक जिला एक उत्पाद की योजना उत्तर प्रदेश में 2018 में लागू की थी और विश्वकर्मा सम्मान योजना 2019 में लागू की थी।

उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने एमएसएमई सेक्टर में पहली बार प्राइवेट औद्योगिक पार्कों का विकास किया जिनका आकार 10 एकड़ से 50 एकड़ तक है। उत्तर प्रदेश के बारे में जो खराब धारणा थी उसे धीरे-धीरे खत्म किया है। अपनी सामर्थ्य से हमने सभी का जवाब दे दिया है। अब हमें किसी के सामने जवाब देने की जरूरत नहीं पड़ती। हमारा काम ही हमारा जवाब दे रहा है। यूपी अनलिमिटेड पोटेंशियल का राज्य था पर कुछ लोगों ने उसे बीमारू बना दिया था।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने अपनी एमएसएमई यूनिट को पांच लाख रुपये तक की सुरक्षा दी है। एमएसएमई सेक्टर में अभी तक 40 लाख इकाइयों का पंजीकरण इस योजना के तहत हो चुका है अब इसे जिला उद्योगों के जरिए और तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। राज्य में एमएसएमई यूनिट को 5,00,000 तक का सुरक्षा बीमा का कवर दियाा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर आपके पास एमएसएमई का बेस है। प्रदेश में सुरक्षा का माहौल है और लैंड बैंक है तो दुनिया की कोई भी ताकत आप को आगे बढ़ने से रोक नहीं सकती। 40 लाख करोड़ का निवेश आना इसी बात का सबूत है।

सुरक्षा का माहौल बनाना हमारा दायित्व था।लैंड बैंक और पॉलिसी बनाना भी हमारा ही काम था। बैंकर्स ने जो उदारता दिखाई है उनका यूपी के विकास में अहम योगदान है। उत्तर प्रदेश देश में सबसे ज्यादा लोन बांटने वाला राज्य बन गया है और जिस रफ्तार से उत्तर प्रदेश बढ़ रहा है अगर उसी रफ्तार से अगले 5 साल तक बढ़ता रहा तो दुनिया की कोई भी ताकत प्रदेश को 10 खराब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने से हमको रोक नहीं सकती।

**सड़क हादसों...**

उपचार के दौरान वेदपाल ने दम तोड़ दिया। वहीं सड़क हादसे में बादलपुर निवासी (53 वर्षीय) राजवीर सिंह की मौत हो गई पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी वाहन चालकों की तलाश कर रही है।

**कबाड़ में डालकर...**

इसके लिए उसे 25 लाख रुपए की जरूरत है उसने बताया कि इस कांटेक्ट में उसे करीब 50 लाख रुपए का मुनाफा होगा जिसमें से वह आधे 25 लाख रुपए उसे 1 महीने के भीतर दे देगा। बलजीत की बातों में आकर उसने 25 लाख रुपए की धनराशि उसे दे दी। विश्वास जीतने के लिए उसने उसे 25 लाख रुपए का चेक दे दिया।

दीपक बहल के मुताबिक फरवरी 2024 को उसने अपनी बेटी की शादी के लिए बलजीत से उक्त धनराशि की मांग की जिस पर वह उन्हें बहकने लगा उन्होंने जब शक्ति से अपने उधार दिए गए पैसों की मांग की तो बलजीत ने पैसे देने से साफ इनकार कर दिया। बलजीत ने धमकी दी कि अगर उसने भविष्य में पैसों का तकाजा किया तो वह अपने बेटों के साथ मिलकर उसे जान से मार देगा। बलजीत ने कहा कि वह कबाड़ी का काम करता है और गुंडे बदमाशों से उसके अच्छे संबंध है। उसके एक इशारे पर उसे तथा परिवार वालों को कबाड़े में डालकर जिंदा जला दिया जाएगा और उनकी लाश का भी पता नहीं चलेगा। दीपक बहल के मुताबिक इस दौरान उसे पता चला कि बलजीत सिंह पिछले काफी समय से पोंजी स्कीम चल रहा है और 18 महीना से लगभग 68 लोगों का पैसा अपने बैंक खाते से घूम रहा है। दीपक बहल के मुताबिक बलजीत तथा उसका बेटा देबू सिंह व दीपक सिंह बदमाश किस्म के व्यक्ति हैं और उनके साथ कभी भी कोई भी अप्रिय वारदात को अंजाम दे सकते हैं। पीड़ित की शिकायत पर थाना सेक्टर 39 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**चौकीदार को बाप...**

उनके लड़के मुकेश ने गाड़ी खड़ी करने को लेकर उसके भाई सौरभ तिवारी के साथ गाली-गलौज व मारपीट की। मारपीट के दौरान पिता-पुत्र ने नुकीली चीज से उसके सिर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ इकट्ठा होता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। गंभीर स्थिति में सौरभ तिवारी को जीवन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

**मेरठ से चोरी कार...**

उसने अपने साथी शादाब सैफी के साथ मिलकर बीते दिनों इसे मेरठ के लोहियानगर थाना क्षेत्र से चोरी किया था।

थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए फखरू के साथी शादाब सैफी को पुलिस ने पूर्व में ही चोरी की I-20 कार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। फखरु व शादाब सैफी दोनों मिलकर वाहन चोरी करने की घटनाओं को अंजाम देते हैं। चोरी के वाहनों पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चलते थे। बरामद कार संजयनगर गाजियाबाद निवासी प्राची गोयल के नाम पंजीकृत है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

**ग्रेटर नोएडा वेस्ट...**

लिए फायर ऑडिट शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार फायर ऑडिट अभियान 11 मार्च से शुरू हुआ है। इस अभियान के दौरान सभी ग्रेटर नोएडा निवासियों को अग्नि दुर्घटनाओं से सुरक्षा के लिए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही इस दौरान बिल्डिंग्स की भी जांच की जा रही है। वहीं अगर बिल्डिंग्स में किसी भी तरह की कोई कमियां मिल रही है तो इस बात की जानकारी सोसायटी को नोटिस भी दिया जा रहा है।

**किसानों की समृद्धि...**

अमित त्यागी, महामंत्री घनश्याम यादव, कामिनी, रवि प्रधान, पापू प्रधान, इंद्राज खटाना, रोहित शर्मा, सतपाल अवाना, हिमांशु, दिनेश चौहान, प्रदीप त्यागी, रविन्द्र यादव, भागवत दयाल, राकेश उपाध्याय, प्रदीप शर्मा, मुकेश शर्मा, बलवंत, प्रमोद, विशाल शर्मा, राजेश शर्मा, हिमांशु, लीलू अवाना आदि भी उपस्थित रहे।

**महिला वकील की...**

ने उसकी कार को सीधा कर उसे बाहर निकाला। इस हादसे में उसकी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई तथा उसे गंभीर चोटे आई हैं। महिला अधिवक्ता नीतू शर्मा ने डंपर का नंबर भी पुलिस को उपलब्ध कराया है। थाना प्रभारी का कहना है कि नंबर के आधार पर आरोपी डंपर चालक की तलाश की जा रही है।

वहीं थाना फेस-1 में पत्रकार प्रवीण कुमार बहल ने बाइक सवार दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रवीण कुमार के मुताबिक वह सेक्टर 15 से अपने घर सेक्टर 55 की तरफ आ रहे थे। उन्होंने थाना फेस-1 के पास अपनी कार सड़क किनारे खड़ी कर दी और कुछ सामान लेने के लिए नीचे उतर आए। वह सामान खरीद रहे थे इस दौरान तेज गति में बाइक पर आ रहे दो युवकों ने उनकी कार में टक्कर मार दी। उन्होंने जब युवकों को सही तरीके से बाइक चलाने को कहा तो वह गलती मानने के बजाय उल्टा उन पर ही भड़क उठे और गाली गलौज शुरू कर दी। इस दौरान उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवार सुनील और शुभम को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

**छात्रा समेत..**

वहीं थाना जेवर क्षेत्र के एक गांव से 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा को पड़ोस में रहने वाला युवक बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया।

पुलिस का कहना है की पीड़ितों की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। किशोरियों की सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस संभावित स्थानों पर छापेमारी कर रही है।

**खेत में शौच करने...**

उसके पेट में अचानक दर्द उठाया किस कारण वह सोच के लिए पास के ही खेत में चला गया सच करने के बाद जैसे ही वह खेत से बाहर आया तो खेत मालिक विजेंद्र पुत्र सुखबीर तथा उसके बेटे जेंदर ने उसे रोक लिया और गाली गलौज शुरू कर दी इस दौरान पिता पुत्र ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया इस पर आपत्ति जताने पर उन्होंने उसके साथ मारपीट की मारपीट में उसे गंभीर चोटें आई। शोर शराबा सुनकर आस पड़ोस के ग्रामीण व बाराती इकट्ठा हो गए। इस के बाद दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ गाली गलौज मारपीट जान से मारने की धमकी देने तथा जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# घरेलू नौकर ने चुराए थे लाखों के जेवरात

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-113 पुलिस ने बीते दिनों एक व्यक्ति के घर में हुई चोरी का खुलासा करते हुए घरेलू सहायक को गिरफ्तार किया है। इसके पास से करीब 20 लाख रुपए मूल्य के जेवरात व 70 हजार रुपए बरामद हुए हैं।

थाना प्रभारी सर्वेश कुमार ने बताया कि बीते दिनों सेक्टर-78 महागुण सोसायटी निवासी मनन गोयल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके घर से घरेलू सहायक रामचंद्र यादव उर्फ रामू करीब 20 लाख रुपए के जेवरात व 70 हजार रुपए चोरी कर ले गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम गठित की गई थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने रामचंद्र यादव उर्फ रामू को सेक्टर 101 नोएडा मेट्रो स्टेशन के शौचालय के पास से गिरफ्तार कर लिया इसके पास से चोरी किए गए करीब 20 लाख रुपए मूल्य के जेवरात व नागरी बरामद हुई है। बरामद जेवरात में दो सोने की चेन, सोने का कड़ा, अंगूठी, दो सिक्के, सोने के एक घड़ी आदि शामिल है। पकड़े गए आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।






## शमी टी20 विश्वकप से बाहर हुए : जय शाह

### ऋषभ के खेलने की संभावनाएं



**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्वकप से बाहर हो गये हैं। शमी को इसलिए शामिल नहीं किया गया है क्योंकि हाल में उनकी सर्जरी हुई है। ऐसे में उनके टी20 विश्वकप तक फिट होने की संभावनाएं नहीं हैं। शमी का बाहर होना भारतीय टीम के लिए एक करारा झटका है क्योंकि पिछले कुछ समय में उनका प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। मोहम्मद शमी की फरवरी में एड़ी की सर्जरी हुई है। वे अभी इससे उबर रहे हैं। ऐसे में उनके जून-जुलाई तक फिट होने की संभावनाएं नहीं हैं। वहीं दूसरी ओर विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के टी20 विश्वकप में खेलने की संभावनाएं बन रही हैं। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने शमी की फिटनेस को लेकर कहा। शाह ने कहा, 'शमी की सर्जरी हुई है। वह लंदन में सर्जरी कराने के बाद स्वदेश लौट आए हैं।' उन्होंने कहा कि शमी की वापसी बांग्लादेश के साथ होने वाली घरेलू सीरीज में हो सकती है। भारतीय टीम को बांग्लादेश के साथ सितंबर में 2 टेस्ट मैच और 3 टी20 मैच खेलने हैं। शमी ने भारत के लिए अपना अंतिम मैच पिछले साल 19 नवंबर को खेला था जो वर्ल्ड कप फाइनल था। इसके बाद से ही शमी भारतीय टीम से बाहर हैं। वहीं शाह ने ऋषभ को लेकर कहा कि वह तेजी से फिट हो रहे हैं। साथ ही कहा कि वह अच्छी बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग कर रहे हैं। ऐसे में उन्हें शीघ्र ही फिट घोषित किया जा सकता है।

# जायसवाल, एनाबेल सदरलैंड को फरवरी के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया

**दुबई।**

भारत के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को फरवरी 2024 के लिए आईसीसी पुरुष खिलाड़ी ऑफ द मंथ का पुरस्कार दिया गया है, जबकि ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड ने आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता। यशस्वी जायसवाल ने पिछले महीने बल्ले से खूब धूम मचाई। इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट की पहली पारी में दोहरे शतक (209) के साथ जायसवाल अपने प्रदर्शन के शीर्ष पर थे और फिर तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी (214) में श्रृंखला का अपना दूसरा दोहरा शतक लगाया। जायसवाल ने अपने पहले तीन टेस्ट मैचों में 560 रन बनाए, जिसमें 20 सिक्स शामिल थे। पहला टेस्ट हारने के बाद जायसवाल की पारी से भारत को सीरीज में वापसी करने में मदद मिली। 22 साल और 49 दिन की उम्र में बैक-टू-बैक दोहरे शतक ने उन्हें सर डोनाल्ड ब्रैडमैन और विनोद कांबली के बाद टेस्ट में दो दोहरे शतक बनाने वाला दुनिया का तीसरे सबसे युवा बल्लेबाज बना दिया। जायसवाल ने आईसीसी से कहा, ÷मैं आईसीसी पुरस्कार हासिल करके वास्तव में खुश हूं और मुझे उम्मीद है कि भविष्य में मुझे और पुरस्कार मिलेंगे। यह सर्वश्रेष्ठ में से एक है और यह मेरी पहली पांच मैचों की श्रृंखला है। मैंने वास्तव में इसका आनंद लिया, जिस तरह से मैंने खेला है और हमने श्रृंखला 4-1 से जीती है। यह मेरे लिए एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। जायसवाल ने राजकोट में नाबाद 214 रन की पारी को भी अपने लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। युवा भारतीय सलामी बल्लेबाज ने फरवरी में कई रिकॉर्ड बनाए और राजकोट पारी के दौरान एक टेस्ट पारी में सर्वाधिक छक्के (12) के लंबे समय से चले आ रहे टेस्ट रिकॉर्ड की बराबरी की। अपने श्रेय के लिए, उन्होंने मार्च में अपना फॉर्म बरकरार रखा और 1,000 टेस्ट रन के मील के पत्थर तक पहुंच गए।




साथ ही वो यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे सबसे तेज भारतीय बन गए। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड जीतने वाली पांचवीं ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गईं, जो पिछले विजेताओं एलिसा हीली, राचेल हेन्स, ताहलिया मैकग्रा और एश्ले गार्डनर के सम्मानित रैंक में शामिल हो गईं। सदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में अपने दोहरे शतक के साथ रिकॉर्ड बुक को फिर से लिखा।

## खास खबर




## बीसीसीआई ने ऋषभ को फिट करार दिया, आईपीएल खेलने का रास्ता साफ

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को खेलने के लिए फिट करार दिया है। इस प्रकार ऋषभ अब एक बार फिर मैदान में खेलते हुए नजर आयेंगे। ऋषभ के फिट होने की इस खबर से उनके प्रशंसकों में खुशी की लहर है। इस क्रिकेटर की आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स भी इससे उत्साहित है। ऋषभ आखिरी बार 25 दिसंबर 2022 में अंतिम बार मैदान पर उतरे थे। 30 दिसंबर हुए कार हादसे के बाद से ही वह खेल से दूर थे। तकरीबन दो महीने पहले से ही इस क्रिकेटर ने अभ्यास शुरु कर दिया था। उन्होंने कुछ अभ्यास मैच भी खेले हैं। अब बीसीसीआई ने भी उन्हें फिट करार दिया है। बीसीसीआई ने ऋषभ के फिट होने की सूचना सोशल मीडिया पर भी दी है। इसमें कहा गया है कि इस क्रिकेटर को विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर फिट घोषित किया गया है. यह इस बात का भी संकेत है कि ऋषभ दिल्ली कैपिटल्स में कप्तान के तौर पर वापसी करेंगे। हाल ही में टीम के कोच रिकी पोंटिंग ने कहा भी था कि पंत बतौर कप्तान वापसी कर सकते हैं। वहीं साल 2023 में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी डेविड वॉर्नर ने की थी। .

## दो साल तक पेट की बीमारियों से परेशान रहे देवदत्त



**मुम्बई ।** क्रिकेटर देवदत्त पडिक्कल ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से शानदार पदार्पण किया है। इससे पहले 2020 में अपने पहले आईपीएल में भी उन्हें अवार्ड मिला था। इस क्रिकेटर का करियर आसान नहीं रहा है। उन्हें दो साल तक बीमारी से संघर्ष करना पड़ा है। इससे उनकी बल्लेबाजी पर भी प्रभाव पड़ा है। इस बल्लेबाज को साल 2021 से 2023 तक खराब सेहत से परेशानी हुई। जब देवदत्त को टेस्ट कैप मिली तो आर अश्विन ने उनके लचीलेपन की प्रशंसा की। अश्विन ने मजबूत होने और कभी हार न मानने के लिए उनकी प्रशंसा करते हुए कहा कि कठिन समय आपको मजबूत बनाता है। उन्हें रणजी सहित घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के कारण टेस्ट कैप मिली थी। 2022 में देवदत्त पडिक्कल का वजन काफी कम हो गया था। उनकी बीमारी ने उन्हें कमज़ोर बना दिया और इसका असर उनकी बल्लेबाजी पर भी पड़ा। उन्हें फिर से मजबूत होने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। उन्हें आंत संबंधी बीमारी थी। इसके कारण वह पेट में दर्द, दस्त और उल्टी से परेशान रहे। ये समस्याएं संक्रमण, कुछ गलत खाने, दवा के दुष्प्रभाव या अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के कारण होती हैं। आंतों की समस्याओं का एक सामान्य कारण गैस्ट्रोएंटेराइटिस है, जो पेट और आंतों की सूजन है।

# टी20 विश्वकप में विराट, रोहित और शाकिब सहित एशियाई खिलाड़ियों का प्रदर्शन रहा है बेहतर




**मुम्बई ।**

वेस्टइंडीज और अमेरिका में आगामी टी20 विश्वकप के लिए सभी टीमें तैयारियों में लगी हैं। इस टूर्नामेंट में एक बार फिर प्रशंसकों को फटाफट क्रिकेट का रोमांच देखने को मिलेगा। 9वां टी20 विश्व जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। टी20 विश्वकप की सबसे पहले संस्करण की विजेता भारतीय टीम रही है। वहीं भारत के विराट कोहली और रोहित शर्मा और बांग्लादेश के शाकिब अल हसन सहित एशियाई टीमों के खिलाड़ियों का इस टूर्नामेंट में दबदबा रहा है। सबसे अधिक मैच रोहित ने खेले है जबकि रन विराट और विकेट शाकिब ने लिए हैं। अब तक आठ बार हुए इस टूर्नामेंट में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड की सबसे अधिक दो-दो बार विजेता रही है। वहीं भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया ने एक-एक बार जीत दर्ज की है। वेस्टइंडीज और इंग्लैंड की टीम भले ही सबसे अधिक बार यह टूर्नामेंट जीती हैं पर इसमें प्रदर्शन के मामले में एशियाई खिलाड़ी सब पर भारी पड़े हैं। भारत के रोहित और बांग्लादेश के शाकिब अल हसन ने अब तक के सभी आठ टी20 विश्वकप खेले हैं। ये दोनों ही खिलाड़ी इस बार भी टूर्नामेंट में खेलते नजर आएंगे। टूर्नामेंट में सबसे अधिक मैच खेलने, सर्वाधिक रन बनाने और सबसे अधिक विकेट भी एशियाई खिलाड़ियों ने ही लिए हैं। भारत के रोहित साल 2007 के शुरुआती टी20 विश्वकप से इस टूर्नामेंट का हिस्सा हैं। टूर्नामेंट के आठ सत्र में उन्होंने अब तक सबसे अधिक 39 मैच खेले हैं। रोहित की तरह ही आठों टूर्नामेंट में खेले शाकिब ने 36 मैच खेले हैं जबकि श्रीलंका के तिलकरत्ने दिलशान 2007 से 2016 के बीच छह टूर्नामेंट में 35 मैच खेलकर तीसरे स्थान पर हैं। वेस्टइंडीज के हरफनमौला ड्वेन ब्रावो, पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी व शोएब मलिक और ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर 34-34 मैचों के साथ इस सूची में संयुक्त रूप से चौथे क्रम पर हैं। वहीं विराट ने 27 मैचों में सबसे जयादा 1141 रन बनाये हैं। उनका 81.5 का औसत रहा है। 2012 से टी20 विश्वकप में खेल रहे विराट छठी बार टूर्नामेंट में खेलते नजर आएंगे। टेस्ट खेलने वाले देशों में टी20 में 50 से अधिक का औसत बनाने वालों में विराट एकमात्र खिलाड़ी हैं। 127 टी20 मैचों में उन्होंने अब तक 51.75 के औसत और 138.15 के स्ट्राइक रेट से 4037 रन बनाए हैं। टी20 विश्वकप यह रन औसत 81.5 तक जा पहुंचा है। वहीं दूसरे नंबर पर श्रीलंका के महेला जयवर्धने रहे हैं। उन्होंने पांच टी20 विश्वकप के 31 मैचों में 39.07 के औसत और 134.74 के स्ट्राइक रेट से 1016 रन बनाए हैं।

विराट के अलावा महेला ही इस टूर्नामेंट में एक हजार से अधिक रन बना सके हैं। वेस्टइंडीज के क्रिस गेल ने 33 मैचों में 34.46 के औसत और 142.75 के स्ट्राइक रेट से 965 रन बनाये हैं। वहीं रोहित शर्मा ने 39 मैचों में 34.39 के औसत और 127.88 के स्ट्राइक रेट से 963 रन बनाए हैं। ये दोनों रनों के मामले में तीसरे और चौथे नंबर पर हैं। पांचवें क्रम पर श्रीलंका के दिलशान हैं जिन्होंने 35 मैचों में 30.93 के औसत और 124.06 के स्ट्राइक रेट से 897 रन बनाए हैं।

# महिला प्रीमियर लीग में गुजरात जायंट्स ने यूपी वारियर्स को हराया

**बेंगलुरु ।**



गुजरात जायंट्स ने यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्लयूपीएल) में यूपी वारियर्स को आठ रन से हरा दिया। ये गुजरात की इस लीग में दूसरी जीत है। इसी के साथ ही वारियर्स की प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदें टूट गयी हैं। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात जायंट्स ने कप्तान बेथ मूनी के नाबाद 74 और साथी सलामी बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ड्ट के 43 रनों की सहायता से अच्छी शुरुआत की। इसके बाद गुजरात जायंट्स ने लगातार विकेट खोये जिससे टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 152 रन ही बना पायी। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए वारियर्स की टीम पांच विकेट पर 144 रन ही बना पायी। एशले गार्डनर 15 और कैथरीन ब्राइस 11 रन ही बना पायीं। सोफी एक्लेस्टोन ने तीन जबकि दीप्ति शर्मा 2 विकेट लिए। इसके बाद 153 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वारियर्स की ने शुरुआती विकेट खो दिये। कप्तान एलिसा हीली 4, किरण नवगिरे शून्य पर ही आउट हो गयीं।

दीप्ति शर्मा ने एक छोर संभाले रखा और नाबाद 88 रन बनाए और पूनम खेमनार ने 36 रन बनाकर यूपी वॉरियर्स की ओर से प्रयास जारी रखे। शबनम एमडी ने तीन विकेट लिए। दीप्ति ने अर्धशतक लगाया और छठे विकेट के लिए 109 रन बनाये पर अंत में टीम आठ रन से लक्ष्य हासिल करने से रह गयी। लेकिन प्रगति बहुत धीमी थी और यूपी वारियर्स ने अंत तक आगे बढ़ने के लिए खुद को बहुत बड़ी बाधा बना लिया। आखिरकार वे आठ रन से चूक गए।संक्षिप्त स्कोर ऱ्गुजरात जायंट्स ने 20 ओवर में 152/8 (लौरा वोल्वाड्र्ट 43, बेथ मूनी 74 नाबाद; सोफी एक्लेस्टोन 3-38, दीप्ति शर्मा 2-22) ने यूपी वारियर्स को 20 ओवर में 144/5 (दीप्ति शर्मा 88 नाबाद, पूनम खेमनार 36), शबनम एमडी 3-11) आठ रन से हराया।

# सूर्यकुमार आईपीएल के शुरुआती दो मैचों से बाहर हुए

**नई दिल्ली।**



आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव 22 मार्च से शुरु हो रहे आईपीएल के शुरुआती दो मैच नहीं खेल पायेंगे। सूर्या के टखने की सर्जरी हाल में हुई है और वह अभी तक इससे उबर नहीं पाये हैं। अभी वह बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन के दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे में उनके आईपीएल के शुरुआती दो मैचों में खेलने की संभावनाएं नहीं हैं। सूर्या के बाहर होने से मुम्मई इंडियंस को करारा झटका लगा है। मुंबई इंडियंस की टीम आईपीएल में अपना पहला मुकाबला 24 मार्च को गुजरात टाइटंस से खेलेगी। सूर्या फिट नहीं होने के कारण पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर हैं और ऐसे में वह आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन कर वापसी का प्रयास करेंगे। बीसीसीआई के अनुसार इस बल्लेबाज का रिहैबिलिटेशन सही रास्ते पर है और वह निश्चित रूप से आईपीएल के आगामी सत्र में वापसी करेगा। करेंगे। एनसीए की 'स्पोर्ट्स साइंस और मेडिकल टीम की मंजूरी के बाद ही वह गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 27 मार्च से शुरु हो रहे मैच में खेल सकेंगे। सूर्यकुमार के इंस्टाग्राम हैंडल को देखे तो उन्होंने स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग से जुड़े व्यायाम करते हुए कुछ वीडियो भी साझा किए हैं। उन्होंने हालांकि अभी तक बल्लेबाजी अभ्यास का कोई वीडियो साझा नहीं किया है। मुंबई इंडियन्स के शुरुआती मैच में अभी 12 दिन बाकी हैं ऐसे में इससे पहले फिट होने के लिए उनके पास काफी कम समय है। सूर्यकुमार मुंबई के सबसे अहम बल्लेबाजों में से एक है। उनके नाम 60 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 4 शतक और 171 से अधिक के स्ट्राइक रेट के साथ 2,141 रन है।



## पंड्या आईपीएल में जीत के लिए कोच के साथ पूजा करते दिखे

**मुंबई ।**

आईपीएल के 17 सत्र में मुम्बई इंडियंस की कप्तानी करने जा रहे ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या जीत के लिए पूजा करते नजर आये। इस दौरान उनके साथ टीम के कोच मार्क बाउचर भी थे। हार्दिक को 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के लिए रोहित शर्मा की जगह पर मुंबई इंडियंस (एमआई) का नया कप्तान बनाया गया है। वहीं अब एमआई के एक वीडियो में पंड्या को ड्रेसिंग रूम में प्रवेश करते और मुख्य कोच मार्क बाउचर के साथ पूजा करते देखा गया है। गौरतलब है कि गत वर्ष नवंबर में पंड्या गुजरात टाइटंस (जीटी) से अपनी पहले वाली टीम मुम्बई में वापस आ गये थे। उनकी कप्तानी में गुजरात एक बार विजेता भी बनी। वहीं दूसरे साल उपविजेता रही। गुजरात के लिए 31 मैचों में पंड्या ने 37.86 की औसत और 133 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 833 रन बनाए है। जिसमें छह अर्धशतक भी शामिल हैं। पंड्या ने साल 2015 से 2021 तक एमआई के लिए 92 मैच खेलकर 27.33 की औसत और 153 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 1,476 रन बनाए हैं। इसमें चार अर्धशतक भी शामिल है। उन्होंने टीम के लिए 42 विकेट भी लिए। पंड्या ने 5 आईपीएल ट्रॉफी भी जीती हैं, जिनमें से 4 एमआई (2015, 2017, 2019, 2020) और जीटी (2022) के साथ हैं।

# आरसीबी इस बार जीत सकती है आईपीएल : पठान

**मुंबई ।**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का मानना है कि इस बार 22 मार्च से शुरू होने वाली इंडियन प्रीमियर टी20 लीग (आईपीएल) में आरसीबी जीत सकती है। इस टूर्नामेंट में आरसीबी का पहला मुकबला गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) से होगा। पठान के अलावा ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन भी ऐसा ही मानते हैं। पठान ने आरसीबी की संभावनाओं को लेकर कहा कि टीम की बल्लेबाजी अच्छी है। इसके साथ ही सपाट पिचों पर उसके तेज गेंदबाज काफी प्रभावी साबित हो सकते हैं। पठान ने आरसीबी के पूर्व विराट कोहली की टीम के इस साल पहली आईपीएल ट्रॉफी जीतने की संभावनाओं को बेहतर बताया है। उन्होंने कहा कि बल्लेबाजी अब लंबी हो गई है, जो कुछ समय पहले नहीं थी। और साथ ही, बहुत से लोग आरसीबी को अवसर नहीं दे रहे हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी गेंदबाजी प्रभावी नहीं है।

मुझे भी लगता है कि गेंदबाजी बेहतर हो सकती थी, लेकिन उन्होंने जो किया है वह यह है कि उस पिच पर उनके पास एक्सप्रेस गति है। यदि आप चिन्नास्वामी की पिच जैसी सपाट पिचों पर लगातार 140 से अधिक की तेजी गेंदबाजी कर सकते हैं, तो कभी-कभी यह काम कर सकता है। इरफ़ान ने कहा कि विराट के लिए, यह एक बहुत ही खास पल होगा क्योंकि वह 2008 से ऐसा चाह रहे थे लेकिन वह उस ट्रॉफी को हासिल नहीं कर पाए। वहीं हेडन ने इस आईपीएल के लिए आरसीबी की संभावनाओं को लेकर कहा कि विराट ने 2023 में जिस तरह से प्रदर्शन किया, वह उनके 16 सीज़न में दूसरे स्थान पर था, इसलिए यह सिर्फ रन नहीं था, यह शीर्ष पर स्ट्राइक रेट था पर आरसीबी हमेशा इस टूर्नामेंट में विफल इसलिए रही है क्योंकि






उसके पास प्रभावी गेंदबाज नहीं थे।

## पाक के पूर्व तेज गेंदबाज आमिर दर्शकों के फिक्सर कहने पर भड़के



**लाहौर ।** यहां जारी पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में क्वेटा ग्लेडिएटर्स की ओर से खेल रहे पाक टीम के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। मैदान में आये दर्शकों ने उन्हें फिक्सर तक कह दिया। इससे आमिर बुरी तरह से भड़क गये। ये मामला पीएसएल के 28 वें मैच का है जो लाहौर कलंदर्स और क्वेटा ग्लेडिएटर्स के बीच हुआ। इस मुकाबले में क्वेटा ने अच्छी जीत हासिल की पर उसके गेंदबाज आमिर की इस मैच में प्रशंसकों ने जमकर हूटिंग की। आमिर जब वह फील्डिंग कर के वापस आ रहे थे तो प्रशंसक उन्हें फिक्सर-फिक्सर कह रहे थे। इस दौरान आमिर और प्रशंसकों के बीच झड़प भी हुई। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। इस मैच के दौरान आमिर जब मैदान से बाहर आकर ड्रेसिंग रूम में जा रहे थे तो प्रशंसक उन्हें फिक्सर- फिक्सर कहने लगे। आमिर जब वहां से गुजरे तो उन्होंने एक प्रशंसक की आवाज सुन ली. तब आमिर वापस आए और उसे फटकारते हुए कहा कि घर से यही सीख कर आते हो। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। गौरतलब है कि आमिर को मैच फिक्सिंग के आरोप में साल 2010 में जेल जाना पड़ा था। इसमें उन्हें 6 महीने जेल की सजा हुई थी। स्पॉट फिक्सिंग के मामले में उनपर पांच सालों का प्रतिबंध भी लगा था। इसके बाद से ही आमिर अब टी20 लीग ही खेलते हैं।

## रॉय आईपीएल से हटे , केकेआर ने सॉल्ट को शामिल किया



**मुम्बई ।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम ने बल्लेबाज जेसन रॉय की जगह पर आईपीएल 2024 के लिए फिल सॉल्ट को अपनी टीम में शामिल किया है। इससे पहले रॉय ने निजी कारणों से आईपीएल से नाम वापस ले लिया था। आईपीएल के ठीक पहले रॉय का बाहर होना केकेआर के लिए करारा झटका है। केकेआर ने हालांकि इसे स्वीकार करते हुए सॉल्ट के रुप में एक विकल्प रखा है। केकेआर ने उन्हें 1.5 करोड़ रुपये आधार मूल्य पर शामिल किया है।.आईपीएल की ओर से कहा गया कि केकेआर ने निजी कारणों से आगामी आईपीएल 2024 से बाहर होने की घोषणा की है। उनकी जगह पर शामिल सॉल्ट का बेस प्राइट 1.5 करोड़ रुपए था पर किसी फ्रेंचाइजी को उनमें रुचि नहीं थी। इस कारण वह नहीं बिके। वह इससे पहले भी आईपीएल खेले हैं। साल 2023 के आईपीएल में वह दिल्ली कैपिटल्स की ओर से उतरे थे पर खराब प्रदर्शन के कारण उन्हें दिल्ली ने बाहर कर दिया था। वहीं अब तक आईपीएल में सॉल्ट ने 9 मुकाबले खेले हैं। जिसमें उन्होंने 27 के औसत से 218 रन बनाए हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 87 का रहा है। अब देखना होगा कि इस साल वह आईपीएल में केकेआर की ओर से कैसा प्रदर्शन करते हैं।

होलाष्टक, छोटी होली, होलिका दहन, धुलेंडी, होली और रंग पंचमी के त्योहार की परंपरा

# भक्त प्रह्लाद और नरसिंह अवतार से जुड़ी है होलिका दहन की पौराणिक कथा

**फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी से लेकर पूर्णिमा तिथि तक होलाष्टक माना जाता है। इस बार 17 मार्च 2024 से शुरू होंगे ये आठ दिन। पौराणिक कथा के अनुसार, राजा हिरण्यकश्यप ने अपने बेटे प्रह्लाद को भगवान श्रीहरि विष्णु की भक्ति से दूर करने के लिए आठ दिन तक कठिन यातनाएं थीं। आठवें दिन वरदान प्राप्त होलिका जो हिरण्यकश्यप की बहिन थी वो भक्त प्रहलाद को गोद में लेकर बैठी और जल गई थी लेकिन भक्त प्रहलाद बच गए थे। इसी तरह रति के पति कामदेव ने शिवजी की तपस्या भंग करने के दुस्साहस किया शिवजी ने फाल्गुन अष्टमी के दिन कामदेव को भस्म कर दिया था। इस दौरान किसी भी प्रकार के मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं।**

होली का त्योहार हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण त्योहार है। इस त्योहार की पौराणिक कथा भक्त प्रहलाद और नरसिंह अवतार से जुड़ी है। फाल्गुन पूर्णिमा के दिन होलिका दहन होता है लेकिन उसे पहले 8 दिनों का होलाष्टक लगता है और उसके बाद होली, धुलेंडी और रंगपंचमी का पर्व मनाया जाता है। इस दौरान कई परंपरागत कार्य किए जाते हैं।

### होलाष्टक

फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी से लेकर पूर्णिमा तिथि तक होलाष्टक माना जाता है। इस बार 17 मार्च 2024 से शुरू होंगे ये आठ दिन। पौराणिक कथा के अनुसार, राजा हिरण्यकश्यप ने अपने बेटे प्रह्लाद को भगवान श्रीहरि विष्णु की भक्ति से दूर करने के लिए आठ दिन तक कठिन यातनाएं थीं। आठवें दिन वरदान प्राप्त होलिका जो हिरण्यकश्यप की बहिन थी वो भक्त प्रहलाद को गोद में लेकर बैठी और जल गई थी लेकिन भक्त प्रहलाद बच गए थे। इसी तरह रति के पति कामदेव ने शिवजी की तपस्या भंग करने के दुस्साहस किया शिवजी ने फाल्गुन अष्टमी के दिन कामदेव को भस्म कर दिया था। इस दौरान किसी भी प्रकार के मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। अधिकतर जगहों पर होलाष्टक के दिन होलिका के दो डांडे गड़े जाते हैं।

### छोटी होली

आठ दिनों के समाप्त होने के बाद छोटी होली रहती है और इसी दिन रात को होलिका दहन किया जाता है। होलिका दहन के पहले दिन और रात में होली की पूजा होती है।

### होलिका दहन

जो दो होलिका के दो डांडे गड़े होते हैं उनके आसपास दिन में कंडे, भरभोलिये (उपलों की माला), लकड़ी, आदि जमाकर आसपास रंगोली बनाई जाती है। इन डंडों को गंगाजल से शुद्ध करने के बाद इन डांडों के इर्द-गिर्द गोबर के उपले, लकड़ियां, घास और जलाने वाली अन्य चीजें इकट्ठा की जाती है। फिर उसके आसपास कच्चे सूत का धागा बांधा जाता है। फिर आसपास भरभोलिये (उपलों की माला) रखते हैं। एक माला में सात भरभोलिए होते हैं। इस डांडे के आसपास लकड़ी और कंडे जमाने के बाद रंगोली बनाई जाती और अंत में फिर विधिवत रूप से होली की पूजा की जाती है। होलिका दहन के पहले होली के डांडा को निकाल लिया जाता है। उसकी जगह लकड़ी का डांडा लगाया जाता है। फिर विधिवत रूप से होली की पूजा की जाती है और अंत में उसे जला दिया जाता है।

दूसरे दिन प्रात.काल में होली को ठंडी करने के लिए थोड़ा जल डालकर उसकी पूजा करते हैं। फिर होली की विधिवत पूजा करने के बाद परिक्रमा लगाते हैं। फिर उसकी भस्म या राख को सभी के मस्तक पर लगाते हैं।

धुलेंडी और होली . इसे होली के नाम से जाना जाता है। कई जगहों पर इस दिन रंगों की होली खेली जाती है। इस दिन सूखा रंग उस घर के लोगों पर डाला जाता हैं जहां किसी की मौत हो चुकी होती है। कुछ राज्यों में इस दिन उन लोगों के घर जाते हैं जहां गमी हो गई है। उन सदस्यों पर होली का रंग प्रतिकात्म रूप से डालकर कुछ देर वहां बैठा जाता है। कहते हैं कि किसी के मरने के बाद कोई सा भी पहला त्योहार नहीं मनाते हैं। इसे दिवंगतों के बाद की पहली होली कहते हैं। पुराने समय में होलिका दहन के बाद धुलेंडी के दिन लोग एक-दूसरे से प्रहलाद के बच जाने की खुशी में गले मिलते थे, मिठाइयां बांटते थे। हालांकि आज भी यह करते हैं परंतु अब भक्त प्रहलाद को कम ही याद किया जाता है। इस दिन संपदादेवी की पूजा भी होती है।

रंग पंचमी . भारत में कई स्थानों पर रंग पंचमी पर रंगों वाली होली खेली जाती है। चैत्रमास की कृष्णपक्ष की पंचमी को खेली जाने वाली रंगपंचमी देवी देवताओं को समर्पित होती है। यानी देवता इस दिन रंग खेलते हैं इसलिए रंग पंचमी मनाते हैं। जब हिरण्याक्ष का वध हुआ और प्रहलाद को राज्य मिला इसके बाद जनता में हर्ष व्याप्त हो गया। इसी की खुशी में पांच दिनों तक उत्सव मनाया गया। तभी से यह परंपरा चली आ रही है। जब होलाष्टक के दौरान कामदेव को शिवजी ने भस्म कर दिया था तब देवताओं में उदासी छा गई थी। फिर शिवजी ने कामदेव को जीवित करने का आश्वासन दिया तो सभी ओर खुशियां छा गई और इसी के उपलक्ष्म में पंचमी के दिन देवताओं ने रंगोत्सव मनाया।

कहते हैं कि इस दिन श्री कृष्ण ने राधा पर रंग डाला था। इसी की याद में रंग पंचमी मनाई जाती है। यह भी कहा जाता है कि श्रीकृष्ण ने गोपियों के संग रासलीला रचाई थी और दूसरे दिन रंग खेलने का उत्सव मनाया था। कहते हैं कि जिस दिन राक्षसी पूतना का वध हुआ था उस दिन फाल्गुन पूर्णिमा थी। अत. बुराई का अंत हुआ और इस खुशी में समूचे नंदगांववासियों ने पांच दिनों तक खूब जमकर रंग खेला, नृत्य किया और जमकर उत्सव मनाया।


**पूर्णिमा तिथि प्रारम्भ- 24 मार्च 2024 को सुबह 09.54 बजे से।**

**पूर्णिमा तिथि समाप्त- 25 मार्च 2024 को दोपहर 12.29 बजे तक।**

**चूंकि होलिका दहन रात में होता है इसलिए 24 की रात को दहन और 25 को धुलण्डी यानी होली रहेगी।**

**होलिका दहन मुहूर्त- 24 मार्च रात्रि 11.13 से 12.27 के बीच।**





**होलाष्टक 17 मार्च से प्रारंभ**

**होलिका दहन 24 मार्च की रात को होगा**

**होली 25 मार्च को मनाई जाएगी**

**रंग पंचमी का पर्व 30 मार्च को मनाएंगे**

**पंचमी तिथि प्रारम्भ- 29 मार्च को रात्रि 08.20 बजे।**

**पंचमी तिथि समाप्त- 30 मार्च को रात्रि 09.13 बजे।**

**रंगपंचमी के दिन का शुभ मुहूर्त-**

**अमृत काल - सुबह 11.02 से दोपहर 12.43 तक।**

**अभिजीत मुहूर्त- दोपहर 12.06 से 12.56 तक।**

**विजय मुहूर्त- दोपहर 02.35 से 03.24 तक।**

**गोधूलि मुहूर्त- शाम 06.40 से 07.04 तक।**

**रवि योग - रात्रि 10.03 से 31 मार्च सुब 06.20 तक।**

**निशिथ काल - रात्रि 12.07 से 12.54 तक (मार्च 31)**

# जिस भी घर में नारियल का पेड़ लगा होता है उस घर में सदैव बनी रहती है सुख- शांति

नारियल के फल के अलावा नारियल के पेड़ का भी हिंदू धर्म में बहुत महत्व है। ऐसा माना जाता है कि नारियल के पेड़ में स्वयं माता लक्ष्मी वास करती हैं। वास्तु शास्त्र मानता है कि जिस भी घर में नारियल का पेड़ लगा होता है उस घर में सदैव सुख- शांति बनी रहती है। हिंदू धर्म में नारियल के फल को श्रीफल के नाम से जाना जाता है और लगभग हर पूजा-पाठ और अनुष्ठान में नारियल का इस्तेमाल किया जाता है।



हिंदू धर्म में नारियल के फल को श्रीफल के नाम से जाना जाता है और लगभग हर पूजा-पाठ और अनुष्ठान में नारियल का इस्तेमाल किया जाता है। नारियल के फल के अलावा नारियल के पेड़ का भी हिंदू धर्म में बहुत महत्व है। ऐसा माना जाता है कि नारियल के पेड़ में स्वयं माता लक्ष्मी वास करती हैं। वास्तु शास्त्र मानता है कि जिस भी घर में नारियल का पेड़ लगा होता है उस घर में सदैव सुख-शांति बनी रहती है।

वास्तु शास्त्र में नारियल के पेड़ से जुड़ी बहुत सी ऐसी मान्यताएं हैं, जो जानना जरूरी हैं।

### नारियल का पेड़ लगाने के फायदे

वास्तु शास्त्र में ऐसा बताया गया है कि यदि किसी व्यक्ति को नौकरी या व्यापार में तरक्की नहीं मिल रही और उसे दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, तो ऐसे व्यक्ति को अपने घर के आंगन में नारियल का पेड़ लगाना चाहिए।

वास्तु के अनुसार नारियल का पेड़ लगाने से आर्थिक परेशानियों से छुटकारा मिलता है। साथ ही घर में हो रहे झगड़ों से भी मुक्ति प्राप्त होती है। इसके अलावा सुख-समृद्धि आती है।

नारियल के पेड़ लगाते समय एक बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि यह पेड़ घर के दक्षिण या पश्चिम दिशा में ही लगाया जाए।

**स्वास्थ्य की दृष्टि से भी फायदेमंद-** धार्मिक महत्व के साथ-साथ नारियल का पेड़ और उसका फल स्वास्थ्य के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। शरीर को डिहाइड्रेट होने से बचाने के लिए नारियल का पानी सबसे बेहतरीन होता है। इसके अलावा नारियल का पानी पीने से हमारे पेट के साथ-साथ सिर भी ठंडा रहता है, नारियल में भरपूर मात्रा में प्रोटीन, विटामिन, मिनरल्स, पोटेशियम, फाइबर और कैल्शियम पाए जाते हैं।

**नारियल का टोटका-** नारियल का फल सिर्फ खाने के काम नहीं आता, बल्कि मान्यताओं के अनुसार इसके कुछ विशेष उपाय भी हैं। पानी वाले नारियल को आप अपने ऊपर से 21 बार घुमाकर उसे किसी मंदिर में जाकर जला दें। यह आप हर मंगलवार या शनिवार को अपनी समस्याओं को दूर करने के लिए कर सकते हैं। ऐसा करने से जल्द ही आपकी आर्थिक परेशानियां भी खत्म होगी।

# फाल्गुन मास का महत्व और पौराणिक कथा

**हिन्दू पंचांग का अंतिम महीना फाल्गुन मास होता है और इस महीने से धीरे-धीरे गर्मी के दिन शुरू होने लगते हैं तथा ठंड कम होने लगती है। फाल्गुन मास में महाशिवरात्रि और होली ये दो सबसे बड़े त्योहार पड़ते हैं जो कि बहुत ही धूमधाम से मनाए जाते हैं।**



इस बार फाल्गुन का महीना 25 फरवरी 2024 से प्रारंभ हो गया है। धार्मिक शास्त्रों के अनुसार फाल्गुन मास का बहुत महत्व कहा गया है। इस महीने कई धार्मिक व्रत और त्योहार पड़ते हैं। यहां आपके लिए खास तौर पर प्रस्तुत हैं फाल्गुन या फागुन माह का महत्व और कथा के बारे में। आइए जानते हैं...

### महत्व

हिन्दू पंचांग का अंतिम महीना फाल्गुन मास होता है और इस महीने से धीरे-धीरे गर्मी के दिन शुरू होने लगते हैं तथा ठंड कम होने लगती है। फाल्गुन मास में महाशिवरात्रि और होली ये दो सबसे बड़े त्योहार पड़ते हैं जो कि बहुत ही धूमधाम से मनाए जाते हैं।

हिन्दू धर्म के अनुसार अनेक देवताओं में से एक चंद्र देवता हैं। चंद्र के देवता भगवान शिव है और शिव जी ने चंद्रमा को अपने सिर पर धारण कर रखा है। अत: पुराणों की मानें तो फाल्गुन मास चंद्र देव की आराधना के लिए सबसे उपयुक्त समय होता है, क्योंकि यह चंद्रमा का जन्म माह माना जाता है।

फाल्गुन माह में भगवान श्री कृष्ण की आराधना का भी विशेष महत्व है, इस माह में विशेषकर भगवान श्री कृष्ण के तीन स्वरूपों की पूजा करना बहुत ही लाभदायी माना जा ता है। इसमें श्री कृष्ण के बाल कृष्ण स्वरूप, युवारूप के कृष्ण और गुरु कृष्ण की पूजा की जाती है।

बाल कृष्ण रूप की पूजा संतान पाने के लिए, युवा स्वरूप कृ ण का पूजन दांपत्य जीवन मधुर बनाने हेतु और गुरुरूप कृष्ण का पूजन मोक्ष और वैराग्य पाने के लिए ही फाल्गुन के महीने में कृष्ण जी का पूजन अवश्य ही सभी को करना चाहिए। साथ ही श्री गणेश के पूजन का भी महत्व है। फाल्गुल महीने में अपने खान-पान और दिनचर्या में बदलाव करना बहुत ही खास माना गया हैं, क्योंकि इस माह भोजन में अनाज का प्रयोग कम करके मौसमी फलों का सेवन अधिक करने की मान्यता है।

### कथा

फाल्गुन मास की कथा के अनुसार सतयुग की बात है, उस समय एक बड़ा ही धर्मात्मा राजा का राज्य था। उसके राज्य में एक ब्राह्मण था, उसका नाम था विष्णु शर्मा। विष्णु शर्मा के सात पुत्र थे और वे सातों अलग-अलग रहते थे।

जब विष्णु शर्मा का वृद्धावस्था का समय आया, तो उसने सब बहूओं से कहा, तुम सब गणेश का व्रत करो। स्वयं विष्णु शर्मा भी इस व्रत को किया करता था। अब बूढ़ा हो जाने पर वो यह दायित्व अपनी बहूओं को सौंपना चाहता था।

जब उसने बहुओं से इस व्रत के लिए कहा, तो बहूओं ने नाक सिको ?ते हुए उसकी आज्ञा न मानकर उसका अपमान कर दिया। अंत में छोटी बहू ने अपने ससुर की बात मान ली। और पूजन के सामान की व्यवस्था करके ससुर के साथ व्रत किया तथा भोजन नहीं किया। और ससुर को भोजन करा दिया।

जब आधी रात बीती, तो विष्णु शर्मा को उल्टी और दस्त लग गए, तब छोटी बहू ने मलमूत्र में भरे गंदे कप ?ों को साफ करके ससुर के शरीर को धोया और पोंछा। पूरी रात बिना कुछ खाए-पिए जागती रही।

फिर गणेश जी ने उन दोनों पर अपनी कृपा की। ससुर का स्वास्थ्य ठीक हो गया और छोटी बहू का घर धन-धान्य से पूर्ण हो गया। तत्पश्चात अन्य बहुओं को भी इस घटना से प्रेरणा मिली और उन्होंने भी श्री गणेश जी का व्रत किया, अत- फाल्गुन मास में जो भी व्यक्ति सच्चे मन से गणेश जी का व्रत करता है, भगवान गणेश उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं।

# होली पर क्यों है रंग लगाने की परंपरा, कैसे हुई थी शुरुआत

**श्रीकृष्ण अक्सर अपनी मां यशोमति से शिकायत करते थे कि राधा गोरी क्यों है और वे खुद काले क्यों? ऐसे में उनकी मां अक्सर हंसकर बात को टाल देती थीं। एक दिन ऐसे ही जब कान्हा अपनी मैय्या से जिद करने लगे तो यशोमति मां ने उन्हें सुझाव दिया कि वे राधा के चेहरे पर रंग लगा देंगे तो राधा का रंग भी कान्हा जैसा हो जाएगा। इस सुझाव को सुनकर भगवान कृष्ण ने राधा को रंग लगा दिया। और कहते हैं तभी से होली पर रंग लगाने की परंपरा शुरू हो गई।**



होली का नाम जब भी हमारे सामने आता है तो सबसे पहले दिमाग में रंग आते हैं। रंग और गलियों में रंगों से पुते हुए चेहरे। रंग उड़ेलते बच्चे-बढ़े-बूढ़े और जोर से चिल्लाते हुए बुरा न मानो होली है। हालांकि, होली और रंगों के कनेक्शन के बारे में ज्यादा लोग नहीं जानते हैं। मान्यता है कि रंग लगाने की परंपरा भगवान कृष्ण से शुरू हुई थी।

### कान्हा करते थे अपनी मां से शिकायत

जी हां, श्रीकृष्ण अक्सर अपनी मां यशोमति से शिकायत करते थे कि राधा गोरी क्यों है और वे खुद काले क्यों? ऐसे में उनकी मां अक्सर हंसकर बात को टाल देती थीं। एक दिन ऐसे ही जब कान्हा अपनी मैय्या से जिद करने लगे तो यशोमति मां ने उन्हें सुझाव दिया कि वे राधा के चेहरे पर रंग लगा देंगे तो राधा का रंग भी कान्हा जैसा हो जाएगा। इस सुझाव को सुनकर भगवान कृष्ण ने राधा को रंग लगा दिया। और कहते हैं तभी से होली पर रंग लगाने की परंपरा शुरू हो गई।

लेकिन अब लोग रंग लगाने और लगवाने से बचने लगे हैं। इसके पीछे की वजह है उनका बनना। दरअसल, होली के रंग अब शुद्ध नहीं रह गए हैं। उनमें केमिकल की मिलावट शुरू हो गई है। अध्ययनों से पता चलता है कि होली के रंगों में पीएम 10 होता है जो हमारे श्वसन तंत्र को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है।

सूखा रंग, या जिसे आमतौर पर गुलाल के रूप में जाना जाता है, आमतौर पर इसे कॉर्नस्टार्च का उपयोग करके बनाया जाता था। लेकिन अब इसमें भी केमिकल्स का इस्तेमाल होने लगा है। जो हमारे अंदर श्वसन से जुड़ी दिक्कत पैदा कर सकता है।



## अरबाज के साथ तलाक पर पहली बार मलाइका ने तोड़ी चुप्पी

**बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा अपने पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ दोनों के चलते सुर्खियों में बनी रहती हैं। अरबाज खान से शादी के 19 साल बाद उन्होंने तलाक ले लिया था। दोनों के बीच बेशुमार प्यार होने के बाद भी दोनों की राहें अलग हो गई थीं। मलाइका फिलहाल अर्जुन कपूर को डेट कर रही हैं।**

हाल ही में अभिनेत्री ने फिर से घर बसाने के बार में खुलकर बात की है। साथ ही बताया कि उन्होंने इस तरह की धारणा को कैसे पीछे छोड़ दिया। मलाइका अरोड़ा ने हाल ही में एक बातचीत में 25 साल की उम्र में अरबाज खान से शादी करने के पीछे का कारण बताते हुए कहा, भले ही अपने परिवार से मुझे किसी तरह के दबाव का सामना नहीं करना पड़ा। मगर, ऐसा नहीं है कि मैं ऐसे बैकग्राउंड में बड़ी हुई हूं कि मेरे परिवार वाले मुझसे कहें कि तुम्हें इस उम्र में शादी करनी होगी। मुझे अपना जीवन जीने और अच्छे लोगों से दोस्ती करने को कहा गया। उन्होंने आगे कहा, मुझे नहीं पता कि मेरे दिमाग में क्या आया। मैंने कहा कि 22-23 साल तक मैं शादी करना चाहती हूं। किसी ने मुझ पर कोई दबाव नहीं डाला था, लेकिन मुझे अभी यही करने की जरूरत थी, क्योंकि उस समय मेरे पास यही सबसे अच्छा विकल्प था। अभिनेत्री ने बताया कि शादी के कई साल बाद उन्हें ये एहसास हुआ कि यह वह नहीं है, जो वह चाहती थीं। अरबाज से अलग होने के उनके फैसले के लिए उनसे कई सवाल किए गए। साथ ही उनका मजाक भी बनाया गया। अभिनेत्री ने कहा, जब मैंने तलाक लेने का फैसला किया, तो मुझे नहीं लगता कि इंडस्ट्री में बहुत सारी महिलाएं ऐसी थीं, जो तलाक लेकर आगे बढ़ रही थीं। मुझे लगा मेरे लिए, मेरे करियर के लिए, मेरी पसंद के लिए और अगर मुझे अपने बच्चे को खुश रखना है, तो मुझे अंदर से ठीक महसूस करना होगा। तलाक को हर कोई एक अलग नजरिये से देखता है।

## कैंप्स वाले एक्टर्स को दी जाती हैं बड़ी फिल्में



तापसी पन्नू हमेशा से ही इंडस्ट्री में चल रहे कैंप कल्चर, आउटसाइडर्स डिबेट और नेपोटिज्म पर अपने विचार खुलकर रखती आई हैं। हाल ही में तापसी ने जूम को दिए एक इंटरव्यू में बताया है कि उन्हें बड़ी फिल्मों में सिर्फ इसलिए जगह नहीं मिलती, क्योंकि वो किसी कैंप का हिस्सा नहीं हैं। उनका कहना है कि देर रात होने वाली पार्टीज में जाने से उन कैंप में जगह मिल सकती है, लेकिन वो ऐसी किसी पार्टी का हिस्सा बनना पसंद नहीं करती हैं। तापसी ने कहा है, यहां कई बॉलीवुड कैंप हैं। नेपोटिज्म, जिस पर हम बात करते हैं, वहीं प्रॉब्लम है कि लोगों को आसानी से उन कैंप्स में जगह नहीं मिलती। अगर कोई बड़ी बजट फिल्म बन रही है, तो मुझे यकीन है कि कोई मेरी बेइज्जती कर ये नहीं कहेगा कि मैं उस रोल के लिए फिट नहीं हूं, लेकिन हां मुझे उस फिल्म में हिस्सा नहीं दिया जाएगा, क्योंकि मेरे नाम को वहां तक पहुंचने नहीं दिया जाएगा और कैंप के लोगों के नाम का सुझाव दिया जाएगा। आगे उन्होंने कहा, कड़वी सच्चाई यही है कि बड़ी फिल्में एक्सेस मिलने से ही मिलती हैं और मेरे पास उस जगह तक पहुंचने का एक्सेस नहीं है। फिल्मी पार्टीज ही एकमात्र जरिया है, जिससे उन कैंप का हिस्सा बना जा सकता है। आप उन लोगों के साथ सोशल होते हैं, फिर उनसे दोस्ती होती है और फिर वो आपको काम देते हैं। ये ठीक है, लेकिन ऐसा करने के लिए आपको 10 बजे के बाद होने वाली पार्टीज में जाना होता है, लेकिन मेरे लिए ये बहुत थका देने वाली प्रोसेस है। मैं ऐसा नहीं कर सकती। मैं ये करने की बजाए, ज्यादा मेहनत और अच्छा काम करके फिल्में हासिल करती हूं। बताते चलें कि थप्पड़, पिंक, हसीना दिलरुबा जैसी बेहतरीन फिल्मों के बाद अब जल्द ही तापसी, 3 फिल्मों में नजर आने वाली हैं। उनकी पहली फिल्म हसीना दिलरुबा की सीक्वल फिल्म फिर आई हसीना दिलरुबा है। इसके बाद वो प्रतीक गांधी के साथ वो लड़की है कहां और खेल-खेल में नजर आएंगी, जिसमें उनके साथ अक्षय कुमार और वाणी कपूर अहम किरदारों में हैं।

## आउटसाइडर को सपोर्ट करने की बात लोग सिर्फ कहते हैं, करते नहीं



**विद्युत जामवाल अपनी हर फिल्म के साथ एक्शन की डोज को बढ़ाते जा रहे हैं। वह हमेशा ऊपरवाले के प्लान पर भरोसा करते हैं और किसी भी काम को मुश्किल नहीं मानते। जिंदगी को जिंदादिली के साथ जीने वाले दुनिया के टॉप मार्शल आर्टिस्ट में शुमार एक्टर का कहना है कि आउटसाइडर का सपोर्ट बहुत कम लोग करते हैं। इन दिनों वह अपनी फिल्म क्रैक जीतेगा तो जिएगा को लेकर चर्चा में हैं।**

### वजन घटाने-बढ़ाने का मेरा कोई सीन नहीं रहा

विद्युत जामवाल जब एक्शन सीक्वेंस के लिए शूटिंग पर जाते हैं तो उनकी मां पूजा-पाठ शुरू कर देती हैं। ऐसे में फिल्म देखने पर उनकी क्या प्रतिक्रिया रहती है। इस पर अभिनेता कहते हैं कि मां कहती हैं कि बस अब हो गया। तुमको जो करना था कर लिया, अब कुछ और करो। हम दोनों एक-दूसरे से बहुत प्यार करते हैं। उनकी डांट भी मुझे मीठी लगती है क्योंकि उसमें मेरी फिक्र छुपी होती है। फिल्म के लिए वजन घटाने-बढ़ाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मेरा कभी ऐसा कोई सीन नहीं रहा। मेरे अपोजिट विलेन की भूमिका में अर्जुन रामपाल हैं, यह फैसला मेरा था क्योंकि मैं अपने बराबर की टक्कर का एक्टर चाहता था, जो समय बिताने और मेहनत करने के लिए तैयार हो। अर्जुन ने इस फिल्म में अपना सौ फीसदी दिया है। हम दोनों बहुत अच्छे दोस्त बन गए हैं। होता क्या है कि जब आप एक्शन फिल्में करते हैं तो हीरो और विलेन के बीच इतनी गुत्थम-गुत्थी होती है कि वो असल में जिगरी दोस्त बन जाते हैं। मैं अपने साथ काम करने वाले हर शख्स को खुद को साबित करने का पूरा मौका देता हूं और जब आप मेहनत करते हैं तो वो आपके काम में भी नजर आ जाता है।

### ऊपरवाले के प्लान पर विश्वास है

लोग बोलते हैं कि हमें आउटसाइडर का सपोर्ट करना चाहिए। यह भारत का रियल टैलंट है। लेकिन ऐसा सिर्फ लोग बोलते ही हैं, करते बहुत कम लोग हैं। अगर सब सोचने लगे तो फिर तस्वीर ही बदल जाए। जहां तक मेरे काम के बारे में है तो मैं अपने काम को लेकर बहुत ज्यादा नहीं सोचता। मेरा मानना है कि ऊपरवाला हमारे लिए बहुत कुछ प्लान करता है और मैं उन्हीं पर विश्वास करता हूं। बाकी, अभी निर्देशन का और स्क्रिप्ट राइटिंग का मेरा कोई इरादा नहीं है। मुझे एक्शन और ऐक्टिंग करके मजा आ रहा है।

### फिल्मों में चोट लगना लाजिमी है

फिल्म में मैं सिद्धार्थ दीक्षित उर्फ सिद्धू का किरदार निभा रहा हूं। इसमें सभी स्टंट मैंने खुद से ही किए हैं। जब मैं सेट पर मौजूद हूं तो किसी और को स्टंट करने की क्या जरूरत है। इस तरह का सीक्वेंस शूट करने के दौरान काफी रिस्क रहता है लेकिन मजा भी बहुत आता है।

## दीपिका को अपनी प्रेरणा मानती हैं आलिया





आलिया भट्ट इंडस्ट्री की सफल अभिनेत्रियों में से एक हैं। आलिया अपनी फिल्मों के चलते अक्सर सुर्खियों में छाई रहती हैं। आलिया ने हाल ही में बताया कि वह ऐश्वर्या राय, प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण को अपनी प्रेरणा मानती हैं। फोर्ब्स के कार्यक्रम में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि वह उन तीनों की दिल से प्रशंसा करती हैं। इसके अलावा उन्होंने फिल्मों के बारे में बात करते हुए कहा कि इसकी कहानियां सबसे आगे होनी चाहिए न कि व्यक्ति की लोकप्रियता। आलिया ने कहा, भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्रियों ने काफी अच्छा किया है। इसके चलते वे मेरे लिए सबसे बड़ी प्रेरणा रही हैं। ऐश्वर्या राय, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण ये ऐसे कलाकार हैं, जो मेरी दोस्त भी हैं। साथ ही मैं इनकी पूरे दिल से प्रशंसा करती हूं। इसलिए मुझे उन्हें बहुत अधिक श्रेय देना होगा क्योंकि उन्होंने एक तरह से मेरा मार्गदर्शन किया है। उन्होंने आगे कहा, मुझे यह भी लगता है कि हम ऐसे समय में रह रहे हैं जहां परिवर्तन समय की मांग है, जहां आप दुनिया के कई हिस्सों से अलग-अलग चेहरों को अलग-अलग लहजे में बोलते हुए देखना चाहते हैं। फिल्मों पर बात करते हुए आलिया ने कहा, कहानी वह है जो सबसे आगे होनी चाहिए। न कि आप कहां से आते हैं, आप कौन हैं, आप किस लहजे में बोलते हैं। गौरतलब है कि पिछले साल कॉफी विद करण सीजन 8 के एक एपिसोड में करण जौहर ने करीना कपूर खान से पूछा था कि क्या उन्हें लगता है कि दीपिका पादुकोण उनकी प्रतिस्पर्धी हैं। उन्होंने कहा था कि ये सवाल आलिया पर लागू होता है। वहीं, जब करण ने आलिया से ये सवाल किया तो उन्होंने कहा था, प्लीज, बिल्कुल नहीं। वह क्यों होगी? वह मेरी सीनियर हैं। कोई प्रतिस्पर्धा नहीं हैं।

## नितेश तिवारी की रामायण में हरमन बावेजा बनेंगे विभीषण, विजय सेतुपति की छुट्टी



नितेश तिवारी के निर्देशन में बनने वाली आगामी फिल्म रामायण बीते लंबे समय से सुर्खियों में है। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म में रणबीर, साई पल्लवी और यश क्रमशः राम, सीता और रावण की मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। ऐसी अटकलें थीं कि रावण के छोटे भाई विभीषण की भूमिका निभाने के लिए साउथ अभिनेता विजय सेतुपति को अप्रोच किया गया है। हालांकि, अब इस किरदार को लेकर आया नया रिपोर्ट फैंस का उत्साह बढ़ाने वाला है। पहले रिपोर्ट्स थीं कि विजय सेतुपति फिल्म रामायण में विभीषण की भूमिका में नजर आ सकते हैं। खबर के अनुसार, नितेश और विजय के बीच चर्चा चल रही थी, जिसमें विजय के रावण के भाई विभीषण का किरदार निभाने का अनुमान लगाया जा रहा था। हालांकि, अब विभीषण के किरदार के लिए किसी अन्य अभिनेता का नाम सामने आ रहा है, जिसने फैंस के उत्साह को और ज्यादा बढ़ा दिया है। एक नई मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हरमन बावेजा नितेश तिवारी की रामायण में विभीषण की भूमिका निभा सकते हैं। हरमन बावेजा ने हंसल मेहता के शो स्कूप से वापसी की है, जिसमें उन्होंने जेसीपी हर्षवर्द्धन श्रॉफ की भूमिका निभाई थी। ऐसा लगता है कि हरमन बावेजा को लंका के राजा रावण के छोटे भाई विभीषण, साथ ही कुंभकर्ण और शूर्पणखा के भाई के किरदार में ढलते देखना इंतजार के लायक है। हालांकि, अब तक इस खबर की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।

## शुरू में जो फिल्में देखता, उन किरदारों को जीता और उनके जैसे व्यवहार करता था



**पिछले दिनों फेमस पंजाबी सिंगर गुरु रंधावा ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में बतौर ऐक्टर डेब्यू किया। वह फिल्म कुछ खट्टा हो जाए में नजर आए। इस फिल्म में उनके अपोजिट महेश मांजरेकर की बेटी सई मांजरेकर नजर आईं। इसने बॉक्स ऑफिस पर भी ठीक-ठाक कलेक्शन किया है। लोगों को अच्छा रिस्पॉन्स मिला था।दिल्ली आए गुरु रंधावा और सई मांजरेकर ने हमसे खास बात की। इस दौरान उन्होंने अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में बात की है। उन दिनों को भी याद किया, जब वह इतने पॉप्युलर नहीं थे।**

**आपकी आवाज के सब कायल हैं। अब आप ऐक्टिंग में भी डेब्यू कर चुके हैं। लेकिन अगर आपकी एजुकेशन की बात करें तो पढ़ाई के मामले में आप कैसे थे, क्या कभी स्कूल से आपके घर कोई शिकायत भी आती थी?**

मैंने बहुत पढ़ाई की है, मैं बहुत समझदार बच्चा रहा हूं। मैं अपनी पूरी जिंदगी ये ही सोच कर निकाली है कि मुझे अपने परिवार की लाइफ कैसे चेंज करनी है। जो भी मुझे पर वो खर्चा कर रहे हैं, उसे खुद पर कैसे सही तरह से प्रयोग करना है। मेरी आजतक घर पर कोई शिकायत नहीं गई है। मैंने लाइफ में कभी कोई खराब काम नहीं किया है। आमतौर पर कहा जाता है कि एक बच्चे में एक उम्र के बाद बदलाव आ जाता है, लेकिन मैं 14-15 साल की उम्र से पैसा कमाने और अपने परिवार की लाइफ के बारे में सोचता रहता था। कहते हैं कि एक व्यक्ति परिवार और पूरी जनरेशन को बदल कर रख देता है, तो मैंने सोचा मैं क्यों ना वो इंसान बनूं, ताकि आज की जनरेशन और आने वाली जनरेशन गर्व महसूस करे।

**आपकी ग्लैमर वाली लाइफ को देखकर हर कोई उससे प्रेरित होता है। लेकिन जब आप कुछ भी नहीं थे, तब किसी बड़े शहर मैं जाने पर आप क्या सोचते थे?**

हम उस दौर में बस में जाते थे और उसके आगे ऑटो कर लेते थे, लेकिन जब मैं दिल्ली और अमृतसर जैसे बड़े शहर जाता था, तो मैं सोचता था कि जिन लोगों के पास गाड़ियां हैं और बिजनेस है, तब मुझे लगता था कि इनके पास इतना पैसा कैसे आया होगा। मैं सोचता था कि ऐसा कैसे हो सकता है कि हम सब एक जगह पर रहते हैं, 20 किलो के फासले पर एक अलग दुनिया है। फ्लाइट पकड़कर आप 1 घंटे सफर करो तो एक और अलग दुनिया है। वो सब भी इंसान हैं और मैं भी इंसान हूं तो ये कैसे मुमकिन है? उन लोगों ने भी कुछ सोचा होगा, उनके यहां भी किसी ने ये बदलाव लाए होंगे, कोई उठते ही अमीर नहीं हो जाता है। कोई तो होगा जिनसे आने वाली पूरी जनरेशन बदल दी। और फिर मैंने जो फिल्में भी देखी हैं, वो इसी से रिलेटिड रही हैं। मैं उन फिल्मों के किरदारों को जीता था, उनके जैसे व्यवहार करता था। तो मुझ में हमेशा ही ये रहा है कि कैसे जिंदगी को बदलना है। मैंने जिंदगी में शैतानी कम की है, मेहनत ज्यादा की है। आज भी मैं 24 घंटे मेहनत कर सकता हूं। बाहर से लगता है कि जिंदगी बहुत आसान है, लेकिन मैं 365 दिन और 18 से 19 घंटे काम करता हूं। मैं ये नहीं सोचता कि रात के 9, 10 बज गए हैं तो अब मुझे सोना है। मेरा जब मन करे मैं सो कर उठ भी जाता हूं।

**आपने फिल्म कुछ खट्टा हो जाए में जो किरदार निभाया है वो लड़की यूपीएससी की परीक्षा देना चाहती है। ये काफी मुश्किल एग्जाम माना जाता है। लेकिन अगर आपकी पढ़ाई की बात करें तो उसमें आप कैसी थीं और परिवार में आपकी शिक्षा को लेकर क्या कुछ कहा जाता था?**

एक दो बार मुझे भी मार पड़ी है। मुझे हर बार तो मार नहीं पड़ती थी लेकिन डांट बहुत खाती थी। लेकिन मेरा ऐसा कुछ ऐसा था कि ना पढ़कर भी ग्रेड आ जाते थे। पता नहीं कैसे आ जाते थे। तो 5वीं तक मुझे मम्मी से काफी डांट पड़ती थी। पापा कुछ नहीं कहते थे। करना है करो, नहीं करना है तो मत करो, उनका कुछ ऐसा था। तब मम्मी कहती थीं पापा कि इस लड़की को कुछ पढ़ने के लिए बोलो। तब पापा मम्मी को दिखाने के लिए मुझ पर चिल्ला देते थे। क्योंकि मम्मी का बैकग्राउंड काफी पढ़ा-लिखा है, तो इसलिए वो भी मुझे पढ़ाई के लिए बोलती रहती थीं। मगर मुझे मार्क्स आ जाते थे।

# आंतरिक विश्वास से आता है साहस : लक्ष्मी सिंह

**नोएडा (चेतना मंच)।** एमिटी विश्वविद्यालय में अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम के समापन समारोह पर जीवन में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने और उपलब्धियों को हासिल करने वाली महिलाओं को नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सदस्य श्रीमती विजयाभारती सयानी, एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष डा अशोक कुमार चौहान, एमिटी हयुमिनिटी फांउडेशन की चेयरपरसन श्रीमती पूजा चौहान और एमिटी ग्रुप वाइस चांसलर डा गुरिंदर सिंह द्वारा गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, पद्मश्री श्रीमती शोभना नारायण, पूर्व राज्यसभा सदस्य और भारतीय कलाकार श्रीमती रूपा गांगुली आदि को ''अद्रिजा- नारी शक्ति सम्मान'' से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सदस्य श्रीमती विजयाभारती सयानी ने कहा कि बिना शक्ति के शिवजी पूर्ण नहीं है। इसलिए भारतीय परंपरा में अर्द्धनारीश्वर की पूजा की जाती है। प्राचीन समय से हमारे देश में पुरूष और महिलाओं को समानता का अधिकार प्राप्त था। उन्होने छात्रों को सदैव समानता और निष्पक्षता का भाव रखने के लिए प्रेरित किया।

गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के साथ और संविधान लागू होने के साथ ही हमारे देश में महिलाओं और पुरूषों को बराबरी का अधिकार प्राप्त हुआ है जिसके तहत उन्हे वोट देने से लेकर निर्णय लेने का अधिकार है जबकी कई विकसित देशों में भी महिलाओं को यह अधिकार काफी समय बाद प्राप्त हुआ। उन्होने कहा कि आप देश के उत्तर प्रदेश राज्य में है जो सबसे तेजी से विकसित हो रहा है और आपको विकास के नये अवसर प्राप्त हो रहे है। श्रीमती सिंह ने छात्रों से कहा कि समझौता, गलत नही है किंतु अगर आप सपने देखती है और जीवन का उददेश्य निर्धारित किया है तो उसके लिए कोई समझौता ना करें। आपको अपना रास्ता स्वंय बनाना होगा इसके लिए पर्याप्त संघर्ष करते है तो दूसरों के साथ भी साझा करें और उन्हे प्रेरित करें। यदि आप अपनी कमजोरियों को स्वीकार नही करती तो आप कभी मजबूत नही बन सकती। एक महिला के पास हर स्थिति में कई विकल्प होते है, यह साहस आंतरिक विश्वास से आता है। महिलाओं को उनके चेहरे से नहीं आंकना चाहिए, एक महिला का मस्तिष्क बहुआयामी तरीके से काम करता है और वही सभी समस्यों का समाधान बहुत आसानी से ढूंढ लेती है। कभी भी अपने अंर्तमन को नजर अंदाज ना करें। भारत एक प्रगतिशील राष्ट्र है और आप जैसे युवाओं को इसे विकसित देश बनाने के लिए आगे आना चाहिए।

## रूपा गांगुली, शोभना नारायण व लक्ष्मी सिंह नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित







एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष व प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. अशोक कुमार चौहान ने छात्रों से कहा कि आज के कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा दिया गया मार्गदर्शन का हर शब्द आपको जीवन में सफल होने में सहायक बनेगा। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश में हुए निवेश कार्यक्रम में सबसे अधिक गौतमबुद्धनगर मे हुए है जिसका श्रेय यहां की कानून व्यवस्था एवं प्रशासन कुशल रणनीति को जाता है। डा चौहान ने कहा कि अतिथियों के गुणों को आत्मसात करें और राष्ट्र निर्माण में सहायक बनें।

पूर्व राज्यसभा सदस्य और कलाकार श्रीमती रूपा गांगुली ने कहा कि कोई भी एक दिन महिला दिवस नहीं होता, हमारे लिए हर दिवस महिला दिवस है। आप सर्वप्रथम स्वंय का सम्मान करें और समाज के हर स्तर के लोगों का आदर करें यह आपको आंतरिक प्रसन्नता की अनुभूति करायेगा। पिछले कुछ सालों में महिला सशक्तीकरण में काफी विकास हुआ है, आज लोग गोरी त्वचा की बजाय बालिकाओं की शिक्षा की बात कर रहे है।

इस कार्यक्रम में अंर्तगत ब्रिटिश हाई कमीशन की राजनैतिक और आर्थिक सलाहकार श्रीमती भावना विज, बीजेपी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती दीप्ती रावत भारद्वाज, फांउडेशन फॉर फ्यूचुरिस्टिक सिटी की अध्यक्ष श्रीमती करूणा गोपाल, पद्मश्री श्रीमती नाहिद अबिदी, तस्करी विरोधी कार्यकर्ता श्रीमती पल्लबी घोष, बीबीसी न्यूज की सहायक संपादक सुश्री सरोज सिंह और भारतीय एथलीट आशा मालवीय को भी 'अद्रिजा-नारी शक्ति सम्मान' से सम्मानित किया गया।

# स्वच्छता रैकिंग में कैलाश अस्पताल सबसे अव्वल

## नोएडा का सबसे स्वच्छ गांव बना रोहिल्लापुर

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा विकास प्राधिकरण के स्वच्छता अभियान से प्रेरित होकर शहर के गांव, सेक्टर, हाउसिंग सोसायटी, स्कूल, अस्पताल और कंपनियां काम कर रहे हैं। इस दिशा में बेहतर काम करने वाले निकायों को सम्मानित किया गया है। नोएडा प्राधिकरण की ओर से स्वच्छता में बेहतर काम करने वाली आरडब्ल्यूए, एओए, गांव, होटल, स्कूल और अस्पताल को सम्मानित किया है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि स्वच्छता के लिए प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छकता रैकिंग की जानी जरूरी है। स्वच्छता रैकिंग में सबसे स्वच्छ अस्पतालों में कैलाश अस्पताल सेक्टर-27 अव्वल रहा।

### स्वच्छता रैकिंग में यह रहे अव्वल

**शहर की सबसे स्वच्छ आरडब्ल्यूए**
सेक्टर-15ए, सेक्टर-34, सेक्टर-51 आरडब्ल्यूए,
**सबसे स्वच्छ एओए**
सेंचुरी अपार्टमेंट, सेक्टर-100, द गोल्डन पॉम, सेक्टर-168, होम्स 121, सेक्टर-121
**सबसे स्वच्छ गांव**
रोहिल्लापुर, नंगली वाजिदपुर,
**सबसे स्वच्छ मार्केट एसोसिएशन**
कंजनजंघा मार्केट, सेक्टर-53, ब्रह्मपुत्र शॉपिंग कॉम्पलेक्स, सेक्टर-29, सेंट्रल मार्केट, सेक्टर-50
**सबसे स्वच्छ सरकारी संस्थान**
बीएचईएल, सेक्टर-16ए, एनएमआरसी, सेक्टर-29, जीएसटी दफ्तर, सेक्टर-148
**सबसे स्वच्छ स्कूल**
मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर-51,
इंडस वैली पब्लिक स्कूल, सेक्टर-62,
विश्व भारती पब्लिक स्कूल, सेक्टर-29
**सबसे स्वच्छ अस्पताल**
कैलाश अस्पताल, सेक्टर-71,
फ्लेक्स अस्पताल,सेक्टर-27,
अपोलो अस्पताल सेक्टर-26
**सबसे स्वच्छ होटल**
रेडिसन होटल, सेक्टर-18,
जिनजर होटल, सेक्टर-63,
निरूलस, सेक्टर-2

### नोएडावासी सफाई को लेकर बने जागरूक : सीईओ

नोएडा प्राधिकरण की सीईओ लोकेश एम. ने कहा कि कई साल से स्वच्छ सर्वेक्षण में नंबर वन आ रहे इंदौर से हमारे यहां का इंफ्रास्ट्रक्चर कई गुना बेहतर है, लेकिन रैकिंग के मामले में वहां से पिछड़ जाते हैं। इसकी महत्वपूर्ण वजह यह है कि वहां के लोग सफाई को लेकर काफी जागरूक हैं। वहां के नागरिक अपने आपको गौरवान्वित महसूस करता हैं। लोगों को इंदौर जैसी जागरूकता यहां भी लानी होगी, तभी नंबर वन पाएंगे। यहां के लोग अपनी जिम्मेदारी को और गंभीरता से लें। सफाई को दिनचर्या का हिस्सा बनाना होगा। घर के बाहर लगे कूड़े के ढेर को खुद हटाने के लिए आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि नोएडा प्राधिकरण और बेहतर ढंग से सफाई व्यवस्था को लेकर काम करेगा।

# कर्मचारियों के सहयोग से मिली सफलता : बी.वी. जोशी

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा अथॉरिटी के सभागार




स्वच्छता रैंकिग कॉम्पिनटिषन के सम्मान समारोह में ''स्वच्छ अस्पताल कैटेगिरी'' में कैलाश अस्पताल, सैक्टर-27, नोएडा को प्रथम स्थान मिला। सत्यप्रकाश सिंह, डीजीएम पब्लिक हेल्थ ने कैलाश अस्पताल के वरिष्ठ प्रबंधक वी. बी जोशी एवं मनोज कुमार, मैनेजर को प्रथम रैंक सार्टिफिकेट दिया। इस अवसर पर कैलाश अस्पताल के चेयरपर्सन डा.उमा शर्मा ने समस्त हाउसकिपिंग स्टॉफ को बधाई दी और हौंसला बढाया।

इस अवसर पर डा. महेश शर्मा, सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार ने भी कैलाश अस्पताल के सभी स्टॉफ को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कैलाश अस्पताल के वरिष्ठ प्रबंधक वी.बी जोशी ने अस्पताल के सभागार में समस्त स्टॉफ को शपथ दिलायी और कहा कि अस्पताल को स्वच्छ रखेंगे और नोएडा अथॉरिटी के 7 स्टार रेटिंग के सभी मानको को पूर्ण करने में सहभूमिका निभायेंगें।

इस अवसर पर कैलाश अस्पताल के डा.रितु वोरा, ग्रुप डायरेक्टर, डा. विजय गंजु, चिकित्सा अधीक्षक, डा. अनिल गुरनानी, ग्रुप डायरेक्टर क्रिटिकल केयर एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

# नंगली वाजिदपुर को दूसरा स्थान

इंदिरा गांधी कला केंद्र में नोएडा प्राधिकरण ने वर्ष 2023 की स्वच्छता रैंकिंग जारी की जिसमें नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में आने वाले 81 गांवों की स्वच्छता रैंकिंग में गांव नंगली वाजिदपुर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। नोएडा प्राधिकरण जन स्वास्थ्य विभाग के डीजीएम एसपी सिंह से गांव नंगली वाजिदपुर के अशोक चौहान, लोकेश चौहान, अमन चौहान व सुपरवाइजर पराग शर्मा ने अवार्ड प्राप्त किया

इस मौके पर अशोक चौहान ने कहा कि इस बार गांव नंगली वाजिदपुर को दूसरा स्थान मिला है हम सभी ग्रामवासी और नोएडा प्राधिकरण के सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर ओर अधिक प्रयास करेंगे की वर्ष 2024 की रैंकिंग में हमारा गांव नंगली वाजिदपुर पहले स्थान पर आए।






# फिटनेस दौड़ में शामिल हुई महिलाएं

**ग्रेटट नोएडा (चेतना मंच)।** नेहरू युवा केंद्र द्वारा ब्लॉक जेवर के गांव रामपुर बांगर में महिला दिवस पर फिटनेस दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी स्नेग्धा सिंह के निर्देशुसार द्वारा आयोजित किया गया।

इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी ने कहा कि आज भारतीय महिलाएं विज्ञान, कला, साहित्य, खेल और राजनीति जैसे अलग-अलग क्षेत्र में सराहनीय उपलब्धि हासिल कर रही हैं। इन महिलाओं की सफलता अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है और दिखाते हैं कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में सफल हो सकती हैं। फिटनेस दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिशा, द्वितीय रश्मि, तृतीय रोहिनी आई जिन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

यह कार्यक्रम स्वयंसेवक नरवीर सिंह और धर्मेन्द्र द्वारा संचालित किया।

